आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, रविवार 26 फरवरी 2023 ■ फाल्गुन शुक्ल पक्ष -6 ■ वर्ष- 38 ■ अंक-328 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 27 फरवरी 2023 ₹ 1.00

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur
phone: 0771-2543112



## एक नजर

### ड्राइविंग लाइसेंस डिलीवरी का झांसा दे खाते से किया लाख रुपये पार

**भिलाई, 26 फरवरी।** साइबर ठगी के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। ठगी करने वाले नए-नए तरीके से लोगों को झांसा देकर उनके खातों पर रुपए पार कर रहे हैं। ऐसा ही एक मामला भट्ठी थाने में दर्ज हुआ है। एक व्यक्ति ड्राइविंग लाइसेंस की डिलीवरी के इंतजार में था इस दौरान अंजान शख्स का फोन आया और उसने लोकेशन नहीं मिलने की बात कहते हुए एक फार्म ऑनलाइन भेजने के नाम पर 2 रुपए यूपीआई के जरिए पेमेंट कराया। इसके बाद प्रार्थी के खाते से 98 हजार रुपए से ज्यादा ट्रांसफर हो गए। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कराया है भटठी पुलिस ने बताया कि सेक्टर-2 निवासी घनानंद त्रिपाठी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उनका ड्राइविंग लाइसेंस आने वाला था। जिसको वे अपने मोबाइल से ट्रैक कर रहा था। इस बीच 30 जनवरी को उन्हें मोबाइल पर एक लिंक आया। जिसके साथ लिखा था कि आप अपने ड्राइविंग लाइसेंस को यहां से ट्रैक कर सकते हैं लिंक खोलने पर उसमें एक मोबाइल नंबर लिखा था घनानंद ने अपने मोबाइल से फोन किया तो सामने वाले ने कहा कि उन्हें उसका लैंडमार्क नहीं मिल रहा है। इसके बाद सामने वाले कॉलर ने कहा कि एक फार्म भेज रहा हूं। जिसकी कीमत 2 रुपए है कॉलर ने फार्म भर कर उसके मोबाइल नंबर पर यूपीआई के जरिए 2 रुपए भेजने कहा इस पर घनानंद ने वैसा ही किया लेकिन पेमेंट फेल हो गया। इसके बाद दूसरे दिन 31 जनवरी को घनानंद के खाते से दो बार में कुल 99,998 रुपए ट्रांसफर हो गए। धोखाधड़ी का एहसास होने पर घनानंद ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

### नाबालिग से छेड़खानी,जुर्म दर्ज

**भिलाई 26 फरवरी।** ग्राम आगेसरा में तार खींचने के बहाने एक नाबालिग से छेड़खानी का मामला सामने आया है पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपित के खिलाफ अपराध दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है पुलिस के अनुसार पीड़िता अपनी छोटी बहन के साथ साईकिल से खेत जाने निकली थी ग्राम आगेसरा और उमरपोटी के बीच नाला के पास आरोपी भुनेश्वर यादव निवासी ग्राम आगेसरा रोड से तार को खींचने में मदद के नाम पर पीड़िता को नाला में ले गया और छेड़खानी करने लगा। पीड़िता ने यह बात अपनी मां को बताई इसके बाद मामला पुलिस तक पहुंचा।

### पावर हाउस फ्लाईओवर पर आटो पलटने से चालक समेत 3 घायल

**भिलाई, 26 फरवरी।** छावनी थाना क्षेत्र पावर हाउस फ्लाईओवर के ऊपर आटो पलटने से उसके चालक समेत तीन लोग घायल हो गए। तीनों को मामूली चोट लगी है। भट्ठी पुलिस ने आरोपित ऑटो चालक के खिलाफ प्राथमिकी की है। छावनी पुलिस ने बताया कि घटना पावर हाउस की ओर से टाउनशिप की ओर जा रहा एक ऑटो अनियंत्रित होकर ब्रिज के ऊपर ही पलट गया। घटना के समय ऑटो में चालक के अलावा दो अन्य लोग थे।

### तलवारनुमा हथियार के साथ एक बदमाश को पुलिस ने दबोचा



**भिलाई, 26 फरवरी।** सुपेला पुलिस ने पांच रास्ता क्षेत्र में तलवार नुमा हथियार के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। बदमाश मोहल्ले के लोगों को हथियार दिखाकर धमका रहा था सुपेला पुलिस ने बताया कि पांच रास्ता सुपेला में मनीष कुमार महार नामक युवक धारदार हथियार दिखाकर लोगों को धमका रहा था सूचना पर पुलिस स्टाफ मौके पर पहुंचा आरोपी मनीष कुमार उर्फ राजा को घेराबंदी कर पकड़ा।

### आगजनी से प्रभावित लोगों को शिविर के माध्यम से राहत दिलाने का प्रयास



**भिलाई, 26 फरवरी।** आगजनी से प्रभावित लोगों के लिए विशेष कैंप का आयोजन भिलाई निगम द्वारा किया जा रहा है। आगजनी से प्रभावित ऐसे लोग जिनके दस्तावेज जल गए थे उनके लिए विशेष शिविर का आयोजन स्थानीय विधायक, महापौर नीरज पाल, कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर अधिकारियों ने आयोजित किया। इसमें सभी आगजनी से प्रभावित परिवारों के सदस्यों के लिए आधार कार्ड बनवाने, राशन कार्ड बनवाने तथा खुद का पक्का आवास दिलाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में परिवार के सदस्यों ने योजनाओं का लाभ उठाया। गौरतलब है कि जिस दिन से आगजनी की सूचना प्राप्त हुई थी उसी दिन से स्थानीय विधायक, महापौर एवं प्रशासनिक अधिकारी मौके पर मौजूद रहकर राहत कार्य प्रारंभ किए थे। इसी के तहत प्रभावित परिवारों का हर संभव मदद का प्रयास किया जा रहा है। इन्हें भोजन सहित बुनियादी सुविधाएं भी प्रदान की गई है, प्रतिदिन जरूरत की सामग्री भी इन्हें दी गई है। इन्हें आवास दिलाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत दो बार कैंप आयोजित किया गया है। इसके अलावा आधार कार्ड एवं राशन कार्ड आदि बनवाने के लिए भी कैंप लगाया गया है।

#### गुलाल बनाने के लिए आरोरोट का भी इस्तेमाल

# गौठानों में होली पर्व के लिए तैयार हो रहा हर्बल रंगीन गुलाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 26 फरवरी।** नगर पालिक निगम भिलाई के शहरी गौठान में हर्बल युक्त गुलाल तैयार किया जा रहा है। होली पर्व को देखते हुए महिलाएं इस कार्य में जुट गई है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी महिलाओं ने हर्बल गुलाल तैयार करने का काम प्रारंभ कर दिया है। अलग-अलग प्रकार के रंगों के गुलाल तैयार किए जा रहे हैं। प्रारंभिक तौर पर लाल, पीला, हरा, संतरा, नीला, गुलाबी, रंग के गुलाल अभी उपलब्ध है। हर्बल गुलाल के लिए डिमांड भी अन्य जिलों से आ चुके हैं जिसके तहत रायपुर से हर्बल गुलाल की बुकिंग हो चुकी है इसके अलावा नगपुरा एवं रिसाली क्षेत्र सहित अन्य इलाकों से भी आर्डर प्राप्त हो चुके हैं। महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर भिलाई के गौठान में अलग-अलग गतिविधियां अपनाई जा रही है, जिसके तहत आगामी होली पर्व को देखते हुए गुलाल बनाने का काम महिलाओं के द्वारा किया जा रहा है। प्राकृतिक फूल जैसे गेंदा, गुलाब, सेवंती तथा सब्जी जैसे कि पालक, धनिया, चुकंदर ऐसे प्राकृतिक चीजों से हर्बल गुलाल तैयार किया जा रहा है। प्राप्त डिमांड के मुताबिक 15 किलो का गुलाल तैयार हो चुका है और होली त्यौहार के मद्देनजर 200 से अधिक किलो की हर्बल गुलाल बनाने की तैयारी महिलाओं के द्वारा की जा रही है। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष अधिक हर्बल गुलाल तैयार करने का लक्ष्य महिलाओं के द्वारा रखा गया है। हर्बल गुलाल तैयार करने के लिए अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी एवं नोडल अधिकारी प्रीति सिंह के निर्देशन पर आशीर्वाद स्व सहायता समूह कोहका की महिलाएं जिसमें पूनम साहू, गीता सुमित्रा देवांगन तरुण जंघेल जागेश्वरी ठाकुर, संगीता वर्मा आदि हर्बल गुलाल बनाने के काम में लगी हुई है। गुलाल बनाने के लिए आरारोट का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। एक पैकेट की कीमत भी कम रखी गई है। जो कि मार्केट के मुकाबले में उचित दर पर उपलब्ध है। हर्बल गुलाल बिना कोई नुकसान पहुंचाए चेहरे के लिए उपयोगी होती है। महिलाओं ने बताया कि यह फेस पैक का भी काम करती है। सहायक परियोजना अधिकारी फणींद्र बोस ने जानकारी देते हुए बताया कि इस गुलाल को शहरी गौठान से प्राप्त किया जा सकता है। डिमांड को देखते हुए पहले ही इसके लिए बुकिंग कराना उचित होगा ताकि इस आधार पर महिलाएं उचित मात्रा में हर्बल गुलाल तैयार कर सकें। हर्बल गुलाल की काफी मात्रा में मांग होती है। लोग दूर दराज से भी इसकी बुकिंग कराते हैं। प्राकृतिक चीजों से हर्बल गुलाल बनाने की तैयारियां होती है जिसको देखते हुए दिन-ब-दिन हर्बल गुलाल की डिमांड बढ़ते जा रही है।



### प्रतिष्ठित कलाकार एवं बीएसपी कर्मी पाटिल की कृति का हुआ विमोचन



**भिलाई, 26 फरवरी।** वर्तमान में भिलाई इस्पात संयंत्र के मार्स-2 में चार्जमैन के पद पर कार्यरत कृष्ण कुमार पाटिल, प्रदेश के प्रतिष्ठित कलाकारों में शामिल हैं। हाल ही में अंचल के इस सुप्रसिद्ध कलाकार कृष्ण कुमार पाटिल ने छत्तीसगढ़ी साहित्य में अपनी नई पुस्तक जय छत्तीसगढ़ दाई के जरिये एक नया आयाम जोड़ा है। विगत दिनों इस पुस्तक का विमोचन छत्तीसगढ़ शासन के राजभाषा विभाग के तत्वावधान में पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के नागार्जुन हाल में किया गया। इस पुस्तक का विमोचन राजभाषा विभाग के वरिष्ठ पदाधिकारियों और मूर्धन्य साहित्यकारों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

## मंदिर स्थापना दिवस पर हुई माँ की विशेष पूजा





**भिलाई, 26 फरवरी।** सुपेला आदर्श नगर में मनोकामना सिद्ध जय माँ दुर्गा मंदिर के स्थापना दिवस के अवसर पर शुक्रवार को माँ की विशेष पूजा अर्चना हुयी और भक्तों के साथ माँ की आरती उतारी गयी। मंदिर के स्थापना का यह 15 वां वर्ष है। मंदिर के संस्थापक चन्द्रप्रकाश ने बताया कि माँ दुर्गा मंदिर के स्थापना दिवस पर प्रतिवर्ष पूजा-पाठ एवं भंडारे का आयोजन होता है जिसमें सैकड़ों की संख्या में आसपास और दूरदराज के भक्तगण जुटकर दिनभर माँ की भक्ति में लीन होते हैं। इस दिन विशेष रूप से दुर्गा सप्तशती का पाठ, हवन-पूजन और मंगल आरती होती है। आये हुए भक्तगण में राजकुमार आर्य, संतोष तिवारी, अनन्त गिरी, ठाकुर रणजीत सिंह ने बताया कि सिद्ध जय माँ दुर्गा मंदिर में भक्तों के मनोरथ पूरे होते हैं।

### भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महाधिवेशन में कार्यकर्ताओ को सेवा और संघर्ष, बालीदान का संदेश मिलाः कन्हैया अग्रवाल



**कवर्धा 26 फरवरी।** रायपुर में 85 वाँ महाधिवेशन भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में क्रेडा सदस्य कन्हैया अग्रवाल को परिवहन समिति के सदस्य के रूप मे जिम्मेदारी मिली है । परिवहन समिति के सदस्य कन्हैया अग्रवाल ने बताया की केबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर को परिवहन की पूरी जिम्मेदारी दी गई है । भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महाधिवेशन में कार्यकर्ताओ को सेवा , संघर्ष , बालिदान ,,,,सबसे पहले हिंदुस्तान का नया नारा दिया गया और कार्यकताओं में आत्मविश्वास बढ़ा है । हाथ से हाथ जोड़ो भारत जोड़ो अभियान पूरे देश में करोड़ो लोगो के दिल में जगह बना ली है । राहुल गांधी कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक भारत जोड़ो यात्रा को बच्चो , युवाओं , महिलाओ , किसानों और बुजुर्गों का प्यार एवं समर्थन मिला है । केंद्र सरकार की महंगाई , बेरोजगारी , नफरत जोड़ो का जवाब जनता आने वाले देश में पूरे विधानसभा चुनाव में जनता बीजेपी की विदाई करके देगी । माननीय सानिया गांधी जी , माननीय प्रियंका गांधी जी , माननीय राहुल गांधी जी एवं पूरे देश के बाइस हजार से अधिक कांग्रेस पदाधिकारी पहुंचे है । छत्तीसगढ़ से कई लाख कार्यकर्ता और कबीरधाम जिले से हजारों लोग रायपुर पहुंच रहे है । वक्फ बोर्ड के सदस्य रियाज भाई , कांग्रेसी नेता सुधीर दुबे सहित कांग्रेसी उपस्थित रहे ।

## सामुदायिक पुलिसिंगःजवानो ने गांवों में ही पहुंचकर परीक्षार्थियों को किया निःशुल्क पुस्तक वितरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा 26 फरवरी।** कबीरधाम जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र और अति नक्सल प्रभावित गांवों के बच्चों को शिक्षित करने और उनकी पढ़ाई लिखाई जारी रखने के लिए कबीरधाम पुलिस द्वारा ओपन परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों को पढ़ाई करने के लिए निःशुल्क पुस्तक वितरण किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेंद सिंह के निर्देशन, अतरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मनीषा ठाकुर रावटे के मार्गदर्शन में आज थाना झलमाला अंतर्गत ग्राम समनापुर, अंजना, दरिया जलंगीबहारा, बोदलपानी, जामुनपानी, बरबसपुर, बहानाखोदरा, माराडाबरा मटियाडोगरी और ग्राम नंदनी के परीक्षार्थियों को निःशुल्क पुस्तक वितरण किया गया। पुलिस के जवानो ने उनके गांव में ही पहुंचकर परीक्षार्थियों को निश्शुल्क पुस्तक वितरण किया। पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह



ने बताया कि कबीरधाम पुलिस द्वारा वर्ष 2022-23 में 250 से अधिक बच्चों को कक्षा 10वीं व 12वीं का ओपन परीक्षा का फॉर्म भरावाया गया हैं। उन्होंने बताया कि अधिक दूरी होने के कारण स्कूल या कोचिंग सेंटर तक पहुंचने में असमर्थ विद्यार्थियों के लिए कबीरधाम पुलिस द्वारा वनांचल के शिक्षित युवाओं के माध्यम से ही नक्सल प्रभावित गांवों के विद्यार्थियों को कोचिंग के माध्यम से शिक्षा दिलाई जा रही है। पुलिस अधीक्षक कबीरधाम डॉ. लाल उमेंद सिंह ने बताया कि नक्सल प्रभावित थाना के अति नक्सल प्रभावित ग्रामों के कक्षा 10वीं व 12वीं ओपन परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों को निश्शुल्क कोचिंग दिया जा रहा है। आसपास क्षेत्र के शिक्षित युवा द्वारा परीक्षार्थियों को निश्शुल्क अध्यापन कार्य कराया जा रहा हैं। लगभग 250 से विद्यार्थी कबीरधाम पुलिस द्वारा संचालित इस कोचिंग का लाभ ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह कार्य निरंतर जारी रहेगा। पुलिस अधीक्षक डॉ. सिंह ने बताया कि जिला पुलिस का उद्देश्य है कि नक्सल प्रभावित क्षेत्र के बच्चे भी शिक्षा से जुड़े। इससे बच्चों को सतत सीखने को मिल सके। सुदूर वनांचल के बच्चों को शिक्षा के प्रति अनवरत जागरूक और जोड़े रखने कबीरधाम पुलिस का प्रयास सतत जारी है। कबीरधाम के पुलिस अधिकारी, जवानों द्वारा पूर्व में भी कई विशेष कार्य किए गए थे। इस कारण लोगों का पुलिस के प्रति नजरिया बदला है।

### स्वास्थ्य शिविर का लाभ लोगों ने उठाया

**दुर्ग।** 22 फरवरी को दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, अंजोरा, दुर्ग एवं कामधेनु पंचगव्य अनुसंधान विस्तार केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम अंजोरा ढाबा में निःशुल्क मानव चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के नेतृत्व में एक टीम भी स्वास्थ्य शिविर में सहभागी रही। शिविर में कॉलेज की एन.एस.एस. टीम भी ग्रामीणों को जागरूक करने का कार्य किया एवं पर्यावरण की सुरक्षा के लिए वृक्षारोपण का कार्य किया। शिविर का उद्घाटन विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ. एन.पी. दक्षिणकर द्वारा किया गया एवं उन्होंने सभी को इस कार्य के लिए शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम अंजोरा ढाबा की सरपंच श्रीमती ठाकुर ने किया ।

### मोदी सरकार की कमियों को बताया हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा में शहर महिला अध्यक्ष रानू ने



**कवर्धा 26 फरवरी।**अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी प्रदेश कांग्रेस कमेटीके आह्वाहन पर जिला कांग्रेस कमेटी के आदेशानुसार शहर महिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रानू मनोज दुबे जी द्वारा अपने शहर महिला कांग्रेस संगठन के साथ लगातार 29 जनवरी से शहर के वार्ड नंबर 1 से हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की शुभारंभ की गई इसी कड़ी में आज वार्ड क्रमांक 13 14 15 को जिला कांग्रेस प्रवक्ता राजकुमार तिवारी जी प्रदेश महिला कांग्रेस सचिव शेख अनवर जी, कांग्रेसी कार्यकर्ता घनश्याम गुप्ता जी वार्ड क्रमांक 13 के पार्षद महिमा राजेश गुप्ता जी वार्ड क्रमांक 14 के पार्षद नरेंद्र देवांगन जी वार्ड क्रमांक 15 के छाया पार्षद पूरन प्रजापति जी वार्ड के कांग्रेसी कार्यकर्ता सोनू उपाध्याय जी ,कृषि उपज मंडी सदस्य भागवत पटेल जी कुसली साहू जी के उपस्थिति में शहर महिला कांग्रेश के नेतृत्व में आज हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा निकालकर कांग्रेसी सरकार की जनहितकारी योजनाओं के बारे में एवं केंद्र में बैठे मोदी सरकार के 8 साल की नाकामी बढ़ती महंगाई बेरोजगारी के बातों को घर घर में जाकर बताया गया साथ ही राहुल गांधी जी के द्वारा किए गए भारत जोड़ो यात्रा के संदेश की पर्चा देते हुए हाथ से हाथ मिला कर हाथ जोड़कर अभिवादन किया गया। इस अभियान में नारायणी टोंडर ,शहर महिला कांग्रेस रचना कोसले, मुस्कान देशलहरे, फूलवती डहरिया रोशनी मेंरवि,नौशाद खान, चंद्रिका रजक, त्रिवेणी मानिकपुरी चंदा जोशी, लता नाविक, सुमित्रा धुर्वे लीला धुर्वे कविता देवांगन कुंती देवांगन ,उमा यादव,सुशीला,अर्चना आदि उपस्थित थे।

## केसरा की महिलाओं ने सब्जी की खेती से कमाए 17 लाख रुपए

**दुर्ग, 26 फरवरी।** शासन द्वारा संचालित बाड़ी योजना के अंतर्गत महिलाओं ने बेहतर ढंग से लाभ उठाया है। जनपद पंचायत पाटन में स्थापित आदर्श गौठान केसरा की महिलाओं द्वारा अजीविका केन्द्र में समूह एवं संगठन की महिलाओं के द्वारा फूलगोभी, बरबट्टी, मूली, भाटा, गवांरफल्ली, लालभाजी और मेथी सब्जी उत्पादित कर 17 लाख 49 हजार 330 रूपए का शुद्ध मुनाफा कमाया है।

केसरा की 11 स्व सहायता समूहों द्वारा 25 एकड़ भूमि में सामुदायिक बाड़ी में जैविक सब्जी उत्पादित कर स्थानीय बाजार की जरूरतों को पूरा कर रही हैं। इसमें कुल 26 सदस्य शामिल हैं, जो सब्जी का उत्पादन कर रही है। शुरूआत में स्व सहायता समूह की महिलाओं को लगभग 2 लाख 43 हजार 170 रूपए की राशि व्यय करनी पड़ी। आज वे इससे ज्यादा की राशि की कमाई कर रही है। स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा लगभग 79 हजार 700 रूपए उत्पादित सब्जी को 25 रूपए की दर से 19 लाख 92 हजार रूप्ए की सब्जियां विक्रय कर लगभग 17 लाख 49 हजार रूपए का मुनाफा कमा रही है। उन्होंने बताया कि पौधों का रोपण मौसमी सब्जी के कैलेंडर के अनुरूप योजनाबद्ध तरीके से तीन चरणों में किया जाता है। सामुदायिक बाड़ी के माध्यम से स्व सहायता समूहों की महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत हो गई है।

सामुदायिक बाड़ी में काम करने वाली महिला स्व सहायता समूहों में जय मां चण्डी, मां गायत्री, मां लक्ष्मी, खुशी, जय मां शीतला, विंध्यवासिनी, निहारिका, अम्बिका, सिता, पंचमुखी, जय मां दंतेश्वरी स्व सहायता समूह की सदस्य शामिल हैं।

गायत्री स्व सहायता समूह की श्रीमती अंजू सेन ने बताया कि 2019 से अब तक एक लाख दो हजार की राशि प्राप्त हो चुकी है, जिससे मैने स्कूटी खरीदी व खुशी स्व सहायता समूह की श्रीमती नंदनी ठाकुर ने बताया कि मेरे पास पहले रहने के लिए कच्चा घर था, अब मैंने 3 लाख 50 हजार रूपए से अपना पक्का घर बना लिया है। जय मां लक्ष्मी समूह की श्रीमती राधिका ने अपने लिए पायल खरीदा।



### अंजोरा में हो रही है रंगीन फूलगोभी एवं ब्रोकली की खेती, पोषक तत्व से भरपूर

दुर्ग 26 फरवरी। कृषि विज्ञान केन्द्र अंजोरा में पोषण वाटिका में रंगीन फूलगोभी एवं ब्रोकली की खेती की जा रही है। किसानों के द्वारा राज्य शासन की योजनाओं के अंतर्गत नई-नई तकनीकों का प्रयोग कर रंग-बिरंगी गोभी का उत्पादन किया जा रहा है। रंगीन पीली और गुलाबी रंग की जैववर्धित किस्म की फूलगोभी एवं ब्रोकली की खेती कर जिले के कृषकों के लिए नवाचार प्रस्तुत किया है, जो प्राकृतिक खेती से तैयार की गई है। सामान्यतः सफेद रंग की फूलगोभी का उत्पादन किया जाता है। अब रंगीन फूलगोभी एवं ब्रोकली का उत्पादन किया जा रहा है, जो की विटामिन से परिपूर्ण होता है। यह जिले के जलवायु के अनुकुल प्राप्त होता है। इसकी खेती के लिये 15 से 25 डिग्री तक का तापमान होना चाहिए। रंगीन फूलगोभी को सफेद गोभी की खेती की तरह ही रोपाई से पहले भूमि की जुताई एवं गोबर खाद का उपयोग किया जाता है। यह रंगीन गोभी आम गोभी की तुलना में दोगुना और ब्रोकली से चारगुना दाम प्राप्त कर सकते हैं। पोषक तत्व की दृष्टि से इसमें कैल्शियम, फास्फोरस, मैग्निशियम, जिंक पाया जाता है। इससे इम्युनिटी बढ़ती है। इसमें विटामिन ''ए'' एवं ''सी'' प्रचुर मात्रा में पाया जाता है।

### सामाजिक अनुसंधान में शोध प्रविधि पर व्याख्यान



**भिलाई, 26 फरवरी।** इंदिरा गाँधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय वैशालीनगर में अर्थशास्त्र विभाग द्वारा व्याख्यान का आयोजन किया गया। डॉ. हंसराज ठाकुर ने अपने व्याख्यान में बताया कि सामाजिक शोध मानवीय ज्ञान में निरंतर वृद्धि करने में सहायक है। आज के जटिल समाज को समझने के लिए निरंतर ज्ञान में वृद्धि अनिवार्य है, शोध द्वारा ज्ञान को बढ़ाया जा सकता है। अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष श्रीमती सुशीला शर्मा ने सर्वप्रथम अर्थशास्त्र परिषद के पदाधिकारियों को बधाई दी, एवं बताया कि शोध प्रविधि एक ऐसी व्यवस्थित विधि है जिसके द्वारा नवीन तथ्यों की खोज एवं पुराने तथ्यों की पुष्टि की जाती है। अनुसंधान मानव ज्ञान के भंडार को विस्तृत करता है। सहायक प्राध्यापक डॉ. भूमिराज पटेल ने धन्यवाद ज्ञापित किया।



आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

रायपुर, रविवार 26 फरवरी 2023

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## खड़गे के अध्यक्षीय उद्बोधन के साथ महाधिवेशन का समापन



### मल्लिकार्जुन ने की भूपेश बघेल की प्रशंसा

**रायपुर 26 फरवरी ।** तीन दिवसीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन का रविवार को समापन हो गया। इस दौरान अपने समापन संबोधन में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मेहमाननवाजी के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की जमकर तारीफ की। खड़गे ने कहा कि जिस शानदार तरीके से छत्तीसगढ़ में उन्हें प्यार मिला और डेलिगेट्स का ख्याल रखा, उसके लिए उन्हें



बधाई देते हैं। अपने छोटे से समापन संबोधन में मल्लिकार्जुन खड़गे ने कार्यकर्ताओं को मजबूत कांग्रेस, बुलंद भारत..का नारा दिया। खड़गे ने कहा कि बीजेपी के खिलाफ विचारधारा की लड़ाई तीव्र करनी होगी होगी। एकजुट होकर कांग्रेस लड़ने को तैयार हैं। भारत जोड़ो यात्रा से यही हमें संदेश मिला है। उन्होंने कहा कि निजीकरण, महंगाई, बेरोजगारी का मुकाबला करना होगा। उन्होंने कहा कि मिक्स इकोनामिक पर चलना होगा। पूंजीवादी शक्तियों से देश को बचाना है। वहीं किसानों की आर्थिक उत्थान पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि कृषि में और आर्थिक निवेश करना होगा। कांग्रेस अधिवेशन में किसानों के लिए प्रस्ताव जो यहां रखा गया था, उसका समर्थन करते हैं। कांग्रेस अधिवेशन में जातिगत जनगणना को जरुरी बताया। खड़गे ने कहा कि आर्थिक सामनता के लिए जनगणना जरूरी है। खड़गे ने अपने संबोधन में कांग्रेस का अर्थ कार्यकर्ताओं को समझाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का मतलब है कि त्याग और बलिदान, कांग्रेस का मतलब का सेवा और समर्पण। कांग्रेस का मतलब है कि निर्भयता और निडरता और कांग्रेस का मतलब है हिंदुस्तान ।

### कश्मीरी पंडित की गोली मारकर हत्या

**श्रीनगर,26 फरवरी।** जम्मू कश्मीर के पुलवामा में आतंकवादियों ने रविवार को कश्मीरी पंडित को फिर से निशाना बनाया और युवक की हत्या कर दी। आतंकियों ने दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले में इस घटना को अंजाम दिया है। इस घटना में मारे गए कश्मीरी पंडित की पहचान दक्षिण कश्मीर के जिले में अचन इलाके के निवासी संजय शर्मा के तौर पर हुई है। जानकारी के मुताबिक आतंकियों ने 40 वर्षीय संजय शर्मा की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना पूर्वाह्न करीब 11 बजे हुई। कश्मीर जोन की पुलिस ने ट्विटर पर लिखा, ''आतंकवादियों ने पुलवामा में अल्पसंख्यक समुदाय से संबंधित अचन निवासी काशीनाथ शर्मा के बेटे संजय शर्मा पर गोली चला दी। घटना के वक्त वह स्थानीय बाजार जा रहे थे।'' जानकारी के अनुसार गोली लगने के बाद संजय शर्मा को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया लेकिन उन्होंने दम तोड़ दिया। बता दें कि संजय अचन के निवासी काशी नाथ पंडित के बेटे थे। उन पर आतंकियों ने रविवार सुबह गोलियां बरसाई। संजय बैंक में सुरक्षा गार्ड का काम करते थे। इस घटना के बाद से ही इलाके में तनाव का माहौल है। पुलिस ने बताया, ''उनके गांव में सशस्त्र बल की तैनाती की गई है। इलाके की घेराबंदी कर दी गई है। जानकारी के मुताबिक घटना के बाद पुलिस मुस्तैद हो गई है। पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर आतंकियों की तलाश शुरू कर दी है।

# हम सत्याग्रही,भाजपा सत्ताग्रही : राहुल गांधी

## कांग्रेस तपस्वियों की पार्टी है, पुजारियों की नहीं

**रायपुर,26 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**

यहां कांग्रेस के 85वें अधिवेशन के तीसरे और आखिरी दिन राहुल गांधी ने भाषण की शुरुआत भारत जोड़ो यात्रा के अपने अनुभवों से की। इसके अलावा उन्होंने प्रधानमंत्री-अडाणी के संबंध, जयशंकर के दिए चीन पर बयान समेत कई मुद्दों पर बात की। राहुल गांधी ने कांग्रेसजनों से कहा कि हम सत्याग्रही हैं और भाजपा सत्ताग्रही है। ये सत्ता के लिए कुछ कर लेंगे, किसी से भी मिल जाएंगे और किसी के सामने झुक जाएंगे। यही इनकी सच्चाई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस तपस्वियों की पार्टी है, पुजारियों की पार्टी नहीं है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि ये तपस्या बंद नहीं होनी चाहिये। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से कहा कि वो प्लान तैयार करें, अपने प्लान सबके लिए तैयार करें, सभी लोग अपना योगदान देने के लिए तैयार हैं। राहुल गांधी ने अपने संबोधन में मोदी और अडानी के रिश्ते को लेकर भी गंभीर तंज कसा। उन्होंने कहा कि संसद में अडानी के मुद्दों पर बात कहने नहीं दिया जाता है। अडानी पर कहे हमारे और खड़गे जी के संबोधन को विलोपित करा दिया जाता है।

### सत्य का रास्ता मत छोड़ो

एक नेता ने इंटरव्यू में कहा कि चीन की इकॉनमी हमसे बड़ी है तो हम उनसे कैसे लड़ सकते हैं। क्या जब अंग्रेजों से लड़ रहे थे, तो हमारी इकॉनमी उनसे बड़ी थी। क्या शक्तिमान से लड़ना ही नहीं हैं। ऐसे व्यवहार को कायरता कहा जाता है। ये सावरकर की सोच है कि जो आपसे तगड़ है तो उसके सामने सिर झुका हो। एक मंत्री बोल रहा है कि चीन की इकॉनमी हमसे बड़ी है तो लड़ नहीं सकते हैं। इसे देशभक्ति कहते हैं क्या। ये कौन सी देशभक्ति है। जो कमजोर है, उसे मारो और जो मजबूत है उसके सामने झुक जाए। महात्मा गांधी सत्याग्रह की बात कहते थे। सत्य के रास्ते को कभी मत छोड़ो। ये लोग सत्ता के लिए कुछ भी करेंगे। किसी से भी मिल जाएंगे। ये इनकी सच्चाई है।

### पुरानी चोट का दर्द उभर आया

राहुल गांधी ने कहा, आपने बोट रेस देखी होगी। मैं बोट में बैठा था। मेरे पैर में भयंकर दर्द था। मैं उस फोटो में मुस्कुरा रहा हूं, मगर मेरे दिल के अंदर रोना आ रहा था। मैंने यात्रा शुरू की। फिट आदमी हूं। 10-12 किलोमीटर ऐसे ही दौड़ लेता हूं। घमंड था कि 20-25 किलोमीटर चलने में कौन सी बड़ी बात है। पुरानी चोट थी। कॉलेज में चोट लगी थी फुटबॉल खेलते वक्त। मैं दौड़ रहा था दोस्त ने अड़ंगी मार दी थी। वो दर्द गायब हो गया था। जैसे ही यात्रा शुरू की, दर्द वापस आ गया।

### आज तक मेरे पास घर नहीं है

उन्होंने कहा, मैंने धीरे-धीरे नोटिस किया कि मेरी आवाज चुप होती गई। जम्मू-कश्मीर पहुंचा तो बिल्कुल चुप हो गया। मेडिटेशन करता हूं जैसे वैसे ही चुप हो गया। मां बैठी हैं। मैं छोटा था, 1977 की बात है। चुनाव आया, मुझे



उसके बारे में कुछ नहीं मालूम था। घर में अजीब सा माहौल था। मैंने मां से पूछा मम्मी क्या हुआ। मां कहती हैं कि हम घर छोड़ रहे हैं। तब तक मैं सोचता था कि वो घर हमारा था। मैंने मां से पूछा हम घर क्यों छोड़ रहे हैं। पहली बार मां ने मुझे बताया कि ये हमारा घर नहीं है। ये सरकार का घर है। अब हमें यहां से जाना है। मैंने पूछा कहां जाना है तो कहती हैं कि नहीं मालूम कहां जाना है। मैं हैरान था। मैंने सोचा था कि वो हमारा घर था। 52 साल हो गए मेरे पास घर नहीं है। आज तक नहीं है।

### वो दर्द बता नहीं सकता

राहुल बोले, यात्रा में मेरे साथ लोग थे। लाखों लोग थे।

मैं सोचता था कि मैं क्या कर रहा हूं। मकसद क्या है। मैंने अपने दफ्तर के लोगों को बुलाया। उनसे कहा कि भीड़ है लोगों को धक्का लगेगा, चोट लगेगी। हमें एक काम करना है कि मेरे साइड में 20-25 फीट तक जो जगह है, वो हमारा घर है। ये घर हमारे साथ चलेगा। सुबह 6 बजे से शाम 7 बजे तक ये घर साथ चलेगा। मैंने सबसे कहा कि इस घर में जो भी आएगा, अमीर हो चाहे गरीब, बुजुर्ग हो, युवा हो या बच्चा, किसी भी धर्म, किसी भी राज्य का हो, हिंदुस्तान से बाहर का हो, जानवर हो, उसे ये लगना चाहिए कि मैं आज अपने घर आया हूं। जब वो यहां से जाए तो उसे लगना चाहिए कि मैं घर को छोड़कर जा रहा हूं। जिस दिन ऐसा हुआ यात्रा जादू से बदल गई। लोग राजनीति की बात नहीं करते थे। हिंदुस्तान के लोगों ने महिलाओं ने इस देश के बारे में मुझसे जो कहा, वो आपको बता नहीं सकता। युवाओं का दर्द आपको नहीं समझा सकता।

### महिला को प्रियंका जैसा प्यार दिया

राहुल गांधी ने कहा, एक महिला पास आई, उसका हाथ मैंने पकड़ा और पता चल गया कि कुछ ना कुछ बात है। जो मेरा प्यार मेरी बहन के लिए है, वही प्यार मैं उसे देने लगा। मुझे अजीब सा लगा कि ये कैसे हो रहा है। मुझसे उसने कहा-राहुल भैया आपसे मिलने आई हूं। मेरा पति मुझे मार रहा है, पीट रहा है। मुझे ये सुनने को मिला। मेरा परिवार सालों पहले जम्मू-कश्मीर से आया था। मैंने सोचा कि कन्याकुमारी से मैं कश्मीर तक अपना घर ले जा रहा हूं और यहां लग रहा है कि वापस अपने घर जा रहा हूं।

### लालचौक पर हमने लाखों लोगों के साथ तिरंगा फहराया

राहुल ने कहा, नरेंद्र मोदी जी बीजेपी के 15-20 लोगों के साथ लाल चौक में झंडा फहराया, भारत जोड़ो यात्रा ने लाखों लोगों के साथ झंडा फहराया, प्रधानमंत्री को समझ नहीं आया। एक कश्मीरी आया और कहा कि मैं आपके साथ तिरंगा लेकर चल रहा हूं। आपने हमारे दिल में जो भरोसा दिया है। उसकी वजह से साथ चल रहा हूं। हमारे साथ भारत यात्रा में लाखों लोग जुड़े ये काम राहुल गांधी ने नहीं किया, हमारे कार्यकर्ता ने किया।

### भाजपा और संघ अडाणी की रक्षा क्यों कर रहे हैं

मैंने संसद में एक उद्योगपति के खिलाफ मोर्चा खोला। मैंने एक फोटो दिखाई,जिसमें मोदीजी अडाणी के साथ प्लेन में बैठे हैं। मैंने पूछा रिश्ता क्या है।

पूरी सरकार, सभी मंत्री अडाणीजी की रक्षा करने लग गए। अडाणी पर हमला करने वाला देश द्रोही और अडाणी देशभक्त बन गए। भाजपा और संघ उस व्यक्ति की रक्षा कर रहे हैं। सवाल है कि रक्षा क्यों कर रहे हैं।

ये जो शेल कंपनियां हैं, हजारों करोड़ रुपया हिंदुस्तान भेज रही हैं, ये किसकी हैं। इसमें किसका पैसा है। जांच क्यों नहीं हो रही है। जेपीसी क्यों नहीं बन रही है।



## उद्योगपति मित्रों को फायदा पहुंचा रहे मोदी : प्रियंका

**रायपुर,26 फरवरी।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में चल रहे कांग्रेस के 85वें अधिवेशन में प्रियंका गांधी ने मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा. प्रियंका गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने उद्योगपति मित्रों को फायदा पहुंचा रहे हैं. देश का आज नकारात्मक माहौल है. प्रियंका गांधी ने कहा कि आज देश में बेरोजगारी बहुत बड़ा मुद्दा है. आज इस मुद्दे पर हमें एकजुट होकर काम करना होगा. प्रधानमंत्री मोदी अपने उद्योगपति मित्रों को फायदा पहुंचा रहे हैं. किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई. किसानों का कर्ज माफ नहीं हुआ है. अब हमारे पास एक साल का वक्त है. जनता को हमसे उम्मीद है. प्रियंका गांधी ने संबोधन में राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा की तारीफ की. कार्यकर्ताओं की मेहनत से सफलता मिलेगी. हमें एकजुट होकर लड़ना होगा. हमें गिले-शिकवे दूर करने होंगे. कांग्रेस को मजबूत करना होगा. प्रियंका गांधी ने कहा कि इस उम्मीद के लिए हमें जी-जान से लग जाना होगा. देश को आज कांग्रेस की जरूरत है. कांग्रेस की विचारधारा जन-जन तक लेकर जाना होगा. विकास के मुद्दों पर ही काम करना होगा. देश का आज माहौल नकारात्मक है.

## सेना में आदिवासी रेजीमेंट बनाया जाएः शिवाजी राव

**रायपुर,26 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ के रायपुर में कांग्रेस का 85वां राष्ट्रीय महाधिवेशन चल रहा है. इसके तीसरे और अंतिम दिन रविवार को कांग्रेस के एसटी विभाग के अध्यक्ष शिवाजी राव मोघे ने आदिवासी समाज के लिए दो मांगों पर बात कही. उन्होंने कहा कि आदिवासियों के लए सेना में अलग रेजीमेंट का गठन किया जाना चाहिए. इसके साथ ही जनगणना में सातवें धर्म के रूप में आदिवासियों को जोड़ने की मांग रखी. बीजेपी और आरएसएस द्वारा आदिवासियों को वनवासी कहे जाने पर भी उन्होंने सवाल खड़े किए. शिवाजी राव मोघे ने आगे कहा कि बीजेपी और आरएसएस के लोग आदिवासियों को वनवासी और गिरिजन कहते हैं. जबकि यह किसी गाली की तरह लगता है. आदिवासियों को वनवासी बोलना बिल्कुल गलत है. इस देश में पहले कौन आया, आदिवासी आया. आदिवासी इस देश का मालिक है. राहुलजी के नेतृत्व में आदिवासी पूरे देश में कांग्रेस के साथ जुड़ेगा. भारतीय जनगणना में छह धर्म हैं. उन्होंने कांग्रेस से मांग करते हुए कहा कि सातवां धर्म आदिवासी लिखा जाना चाहिए. जबकि ब्रिटिश काल में आदिवासी कोड होता था. इसी तरह आदिवासी रेजीमेंट भी होना चाहिए. आदिवासियों की संख्या बढ़ी है, ऐसे में उनका आरक्षण और बजट में फंड भी देना चाहिए.

कांग्रेस एससी विभाग के अध्यक्ष राजेश लिलोठिया ने भी अपनी बात रखी. उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे आज के युग के आंबेडकर हैं. सामाजिक सशक्तीकरण के लिए देश में नेशनल कौंसिल फॉर सोशल जस्टिस बनाया जाना चाहिए. लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन के तहत आदिवासी, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक वर्ग के युवाओं को चिह्नित करें और उन्हें जोड़ें. देश में शैक्षणिक संस्थाओं में होने वाली प्रताड़ना को रोकने रोहित वेमुला एक्ट लागू होना चाहिए.

### सोनिया गांधी कभी रिटायर नहीं होंगी : लांबा

**रायपुर,26 फरवरी।** कांग्रेस के 85वें राष्ट्रीय अधिवेशन के आखिरी दिन कई नेताओं ने सभा को संबोधित किया। कांग्रेस नेत्री अलका लांबा ने सभा को संबोधित करते हुए राजस्थान और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के कार्यों की तारीफ की। साथ ही उन्होंने ने कहा कि कल से मीडिया में खबर चल रही है कि सोनिया गांधी राजनिति से सन्यास लेंगी। पिछले 2 दशक से सोनिया गांधी का मार्गदर्शन मिलता आ रहा है और आगे भी मिलेगा। न कभी रिटायर हुई थी, और न कभी रिटायर होंगी। सोनियां गांधी राजनीति से संन्यास नहीं लेंगी।

## यूपीआई से कई देश आकर्षित हुए हैं : मोदी

**नई दिल्ली,26 फरवरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 फरवरी को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात को संबोधित किया। इस 98वें एपिसोड के जरिए उन्होंने खिलौने से लेकर यूपीआई तक का जिक्र किया। उन्होंने भारत की डिजिटल ताकत का भी जिक्र किया। उन्होंने भारतीय यूपीआई की ताकत का बखान करते हुए बताया कि दुनिया के कई देश इससे आकर्षित हुए है। कुछ दिन पहले ही भारत और सिंगापुर के बीच UPI-Pay Now Link launch किया गया। उन्होंने कहा कि तेजी से आगे बढ़ते हमारे देश में डिजिटल इंडिया की ताकत कोने-कोने में दिख रही है। डिजिटल इंडिया की शक्ति को घर-घर पहुंचाने में अलग-अलग एप्स की भूमिका होती है। ऐसा ही एक ऐप है- eSanjeevani भी है।



उन्होंने कहा कि पुरस्कार के एक और विजेता राज कुमार नायक जी ने तेलंगाना के 31 जिलों में, 101 दिन तक चलने वाली पेरिनी ओडिसी का आयोजन किया। पेरिनी नाट्यम% भगवान शिव को समर्पित एक नृत्य है। बहन उप्पलपू नागमणि जी का प्रयास भी बहुत ही प्रेरक है। उन्होंने कहा कि मन की बात में जब भारतीय खिलौनों की बात हुई तो देश के लोगों ने इसे भी हाथों हाथ बढ़ावा दिया।

इस महीने पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के बांसबेरिया में 'त्रिबेनी कुम्भो मोहोत्शौव' का आयोजन किया गया, लेकिन क्या आप जानते हैं कि यह इतना विशेष क्यों है? विशेष इसलिए, क्योंकि इस प्रथा को 700 साल के बाद पुनर्जीवित किया गया है। स्वच्छ भारत अभियान ने हमारे देश में जन भागीदारी के मायने ही बदल दिए हैं। हम अगर ठान लें तो स्वच्छ भारत अभियान में अपना बहुत बड़ा योगदान दे सकते हैं।

## एक नजर

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बढ़ रहा है भारत: माणिक साहा



**भिलाई, 26 फरवरी।** त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत लगातार बढ़ रहा है। साहा यहाँ एक निजी कार्यक्रम में हिस्सा लेने आये थे। संवाददाताओं से बात करते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी के पिछड़ा वर्ग मोर्चा की बैठक में शामिल होने के लिए कार्यकर्ताओं ने उन्हें आमंत्रित किया था। यहाँ आकर उन्होंने महसूस किया कि छत्तीसगढ़ के लोग सत्ता परिवर्तन की बाट जोह रहे हैं। कांग्रेस द्वारा ईडी के सहारे बीजेपी के चुनाव लड़ने की बात पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस वाले तो कुछ भी बोलते रहते हैं। इसका कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि त्रिपुरा और छत्तीसगढ़ फिर से बीजेपी की सरकार बनेगी। प्रधानमंत्री के मन की बात का उल्लेख करते हुए त्रिपुरा के मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दिन की लोगों को बेसब्री से प्रतीक्षा रहती है। लोग वेट करते हैं। महाभारत और रामायण की तरह सुनने को लोग उत्सुक बैठे रहते हैं। इसमें लोगों के काम की बात होती है। माणिक साहा ने पश्चिम बंगाल सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि तृणमूल कांग्रेस कम्युनिस्ट पार्टी की कार्बन पार्टी है। भिलाई में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।

### देश के विकास से दुखी होती है कांग्रेस: अरुण साव

**रायपुर 26 फरवरी।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कहा ,भारत देश का विकास कांग्रेस को पसंद नहीं आता। 55 साल सत्ता में रहते हुए कांग्रेस न देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत कर पाई, ना देश का विकास कर सकी,आज मोदी जी के नेतृत्व में भारत देश तेज गति से विकास कर रहा है पिछड़े ,वंचित, शोषित व्यक्ति के जीवन में सुधार हो रहा है तो कांग्रेस को पेट में दर्द हो रहा है क्योंकि कांग्रेस ने लोगों को हमेशा गरीबों को वोट बैंक की तरह इस्तेमाल किया है उनका विकास कभी नहीं चाहा। श्री अरुण साव ने कहा 55 साल के शासन में कांग्रेस गरीबों को न घर दे पाई ,न बिजली दे पाई ,न घर में नल दे पाई, न गैस का कनेक्शन दे पाई ,न शौचालय दे पाई, न के खाते खुलवा सकी ना उन्हें राशन दे सकी, न 5 लाख तक का मुफ्त इलाज दे सकी, मोदी सरकार में केवल 9 वर्षों में गरीबों को यह सब कुछ मिल चुका है देश के गरीबों के जीवन स्तर में हो रहे सुधार से कांग्रेस बेहद दुखी है क्योंकि उन्होंने गरीबों को हमेशा वोट बैंक बनाकर इस्तेमाल किया है।

### आईआईएफएल ने 'सपना आपका लोन हमारा अभियान' लॉन्च किया

**रायपुर 26 फरवरी।** रिटेल पर केंद्रित नॉन-बैंकिंग फाईनेंशल कंपनी, आईआईएफएल फाईनेंस ने 'सपना आपका लोन हमारा कैम्पेन' लॉन्च किया है। पूरे भारत में मार्केटिंग के प्रसार के लिए इस कैम्पेन में लोकप्रिय अभिनेत्री तमन्ना भाटिया को पेश किया गया है। इस कैम्पेन द्वारा आईआईएफएल का उद्देश्य अगले छः महीनों में अपनी प्रस्तुतियाँ लेकर 350 मिलियन से ज्यादा ग्राहकों तक पहुँचना और गोल्ड लोन, होम लोन, बिज़नेस लोन, तथा माईक्रोफाईनेंस लोन के सेगमेंट्स में अपनी नेतृत्वकारी स्थिति को मजबूत बनाना है।

### वुडवर्किंग फर्नीचर मैन्युफैक्चरिंग और मैट्रेस मैन्युफैक्चरिंग पर एशिया का सबसे बड़ा शो

**रायपुर 26फरवरी।** दिल्लीवुड का आगामी 7वां संस्करण 2 से 5 मार्च, 2023 तक इंडियाएक्सपो मार्ट, ग्रेटर नोएडा (दिल्ली, एनसीआर) में आयोजित होने जा रहाहै। इसके तहत वुडवर्किंग और फर्नीचर निर्माण उद्योग के हितधारकों औरअंतरराष्ट्रीय निर्णय निर्माताओं को कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय लोगों सेमिलने का अवसर मिलेगा। इसमें नवीनतम फर्नीचर उत्पादन तकनीकें, वुडवर्किंग मशीनरी, उपकरण, फिटिंग, सहायक उपकरण, कच्चे माल औरउत्पाद आदि को प्रदर्शित किया जायेगा।

### सदर्न ट्रैवल्स रायपुर में आयोजित कर रहा है सेल का तीसरा चरण

**रायपुर 26 फरवरी।** पर्यटन एवं आतिथ्य क्षेत्र की जानी-मानी स्वदेशी कंपनी सदर्न ट्रैवल्स अपनी सबसे बड़ी फ्लैश सेल हॉलिडे मार्ट के तीसरे चरण का आयोजन कर रहा है। हॉलिडे मार्ट के तीसरे चरण का आयोजन पहली बार रायपुर शाखा में 20 फरवरी से 27 फरवरी 2023 के बीच किया जा रहा है। इस हॉलिडे मार्ट में स्थानीय एवं इंटरनेशनल टूर पैकेजेज पर ढेरों आकर्षक डील्स और डिस्काउन्ट पेश किए जाएंगे, जैसे बुकिंग पर सिल्वर कॉयन, इंटरनेशनल हॉलिडे बुक करने पर मुफ्त डोमेस्टिक हॉलिडे, कैशबैक डील्स और लकी ड्रॉ मिलेगा। कंपनी का दावा है कि हॉलिडे मार्ट के पहले और दूसरे चरण में देश भर के उपभोक्ताओं से बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। अब इस आगामी चरण में मध्य भारत के लोग अपनी पसंद के वेकेशन पैकेज किफायती दामों पर बुक कर सकेंगे। यह देखकर अच्छा लगा कि हॉलिडे मार्ट के पिछले दो चरण ज़बरदस्त सफल रहे। तीसरे चरण में हम ट्रैवल सर्विसेज की व्यापक रेंज लेकर आए हैं, जिसमें डोमेस्टिक एवं फॉरेन ट्रिप किफायती ग्रुप टूर हनीमून एवं पिलग्रिम वेकेशन पैकेजेज पर आकर्षक डिस्काउन्ट शामिल हैं। सदर्न ट्रैवल्स के मैनेजिंग डायरेक्टर कृष्णा मोहन ने बताया। इस सेल के दौरान यूरोप, दुबई, थाईलैण्ड, वियतनाम सिंगापुर, मलेशिया और मालदीव्स जैसे अन्तर्राष्ट्रीय गंतव्यों के टूर पैकेज बुक किए जा सकते हैं। साथ ही भारत में भी कई लोकप्रिय गंतव्यों जैसे कश्मीर, गोवा, केरल, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड, सिक्किम, दार्जिलिंग, चार धाम केदारनाथ, वैष्णो देवी और मध्य प्रदेश में जंगल सफारी के लिए बुकिंग की जा सकती है।

# एनीकट से पानी चोरी करते पकड़े गए जनपद सदस्य

■ अभिमन्यु मंडावी और चार साथी को ग्रामीणों ने पकड़ा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मोहला 26 फरवरी।** मानपुर ब्लाक के ग्राम दीघवाड़ी में ग्रामीणों ने रात मे एनीकट से पानी चोरी करते जनपद सदस्य और उसके चार साथियो को रंगे हाथ पकड़ा है। दीघवाड़ी में किसानों की सिंचाई के लिए बनाए गए जल संसाधन विभाग द्वारा एनीकट का गेट खोलकर पानी की चोरी करते पकड़े गए पाँच लोगो को ग्रामीणों ने पकड़कर पूछताछ की जिसमे परमिशन का हवाला देकर गेट खोलने की बात कही । ग्रामीणों ने बताया कि जनपद सदस्य अभिमन्यु मंडावी और उसके चार साथी रविवार की रात 11 बजे एनीकट का गेट खोलकर पानी दूसरे क्षेत्र में चोरी छुपे छोड़ रहे थे,वही ग्रामीणों ने मौके पर पहुँचकर देखा तो पांचो भागने लगे ग्रामीणों ने पांचो को दौड़ाकर पकड़ा



,साथ ही गेट खोलने वाले औजार और बाइक भी पकड़ा । ग्रामीणों ने दूसरे दिन जल संसाधन विभाग में पहुँचकर इस संबंध ने जानकारी चाही तो विभाग की ओर से किसी भी प्रकार की कोई अनुमति नही की बात कही ,ग्रामीणों ने इस मामले में मोहला अनुविभागीय अधिकारी, जल संसाधन विभाग और खड़गाँव थाने में शिकायत की साथ ही जनपद सदस्य सहित पांचो पर कार्यवाही करने कहा गया ।

**ग्रामीणों ने कहा उसी रात दो लाख के कृषि यंत्र की हुई चोरी :** दीघवाड़ी के ग्रामीणों ने बताया कि रविवार की रात पानी चोरी करने आए पाँच लोगो को पकड़ा गया साथ ही ग्रामीण किसान अपने खेतों में सुबह जाकर देखा तो मोटर पंप, वायर और स्टार्टर जैसे कृषि यंत्र गायब थे, अनुमान लगाया जा था है घटना के दिन ही लगभग दो लाख के कृषि यंत्र चोरी हुआ है ।

**पांच गांवों की फसलो को हुआ नुकसान :** ग्रामीण किसानों ने बताया कि पानी चोरी करने से एनीकट का पानी पांच फीट नीचे चला गया है जिससे एनीकट का जल स्तर घटने से पांच गांव के किसानों की फसलों को नुकसान हुआ है,धारणी, चापाटोला, दीघवाड़ी,कोरवा, परसघाट के किसानों ने उसी एनीकट के पानी से मक्का ,धान के साथ अन्य फसल उगाई थी लेकिन पानी चोरी होने के बाद फसलो को नुकसान हो गया है।

**दो साल पहले भी हो चुकी है एनीकट से पानी चोरी :** दीघवाड़ी के ग्रामीणों ने बताया दो वर्ष पहले भी गांव के एनीकट से रात में पानी की चोरी की गई थी लेकिन ग्रामीणों को इस बात की भनक सुबह लगी ,तब तक सारा एनीकट का पानी बह चुका था और किसानों को काफी नुक़सान हुआ था । ग्रामीणों ने पानी चोरी करने आये पांच लोगों के मोटरसाइकिल और गेट खोलने वाले उपकरण को ग्रामीणों ने अपने पास रख कर विभाग को जानकारी दे दी है ।

**जिला पंचायत सदस्य भंडारी ने कहा कार्यवाही होनी चाहिए :** जिला पंचायत सदस्य एवं वन जल स्वास्थ्य यांत्रिक सभापति नरसिंह भंडारी ने कहा कि बहुत दुर्भाग्य की बात है, बिना ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत के अनुमोदन ऐसे जिम्मेदार जनप्रतिनिधि द्वारा पानी चोरी करना अपराध है इन पर कार्यवाही होनी चाहिए। भंडारी ने कहा कि यह चोरी नही है किसानों के साथ छल कर रहे है ।भंडारी ने कहा कि क्षेत्र के बड़े जनप्रतिनिधि ने ऐसे अपराध के मामलों में बचाने में लगे हुए है,अगर इस मामले में कार्यवाही नही होती तो आंदोलन किया जाएगा जरूरत पड़ने पर चक्काजाम किया जाएगा । वही मोहला जल संसाधन विभाग के एसडीओ के.एल. तारम से बात करने पर बताया कि सब इंजीनियर को भेजकर कार्यवाही करने लेटर भिजवाता हु ।

### मासूम को नेत्र रोग विभाग में मिला त्वरित एवं सफल उपचार

**रायपुर. 26 फरवरी।** स्मार्टफोन/ मोबाइल के फटने से गंभीर रूप से घायल 11 वर्षीय मरीज आयुष खेस के आंखों के कॉर्निया में आयी चोट को पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय-डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय स्थित नेत्र रोग विभाग में डॉ. संतोष सिंह पटेल के नेतृत्व में त्वरित ऑपरेशन करते हुए डॉ. रेशु मल्होत्रा, डॉ. सुशील, डॉ. मोनिका, डॉ. वैभव, डॉ. साधना, डॉ. अंशु एवं डॉ. मधु ने ठीक किया। डॉ. संतोष सिंह पटेल के अनुसार स्मार्टफोन या मोबाइल का ब्लास्ट इतना ज्यादा ख़तरनाक रहा कि आंख की कॉर्निया की चोट को ऑपरेशन पश्चात ठीक किया गया परंतु गंभीर आंतरिक चोट के कारण एक आंख की रोशनी आ पाना अब बहुत मुश्किल है। गंभीर हादसे के कारण एक आंख की रोशनी ही बचायी जा सकी। नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना सर्जन डॉ. संतोष सिंह पटेल केस के संबंध में आगे की जानकारी देते हुए बताते हैं कि आयुष खेस को उसके माता- पिता स्मार्टफोन विस्फोट की हिस्ट्री के साथ डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय के नेत्र रोग विभाग में लेकर आए।

### न्युवोको ने अपने पहले ऑल-वुमन रेडी-मिक्स कंक्रीट प्लांट का उद्घाटन किया



**मुंबई, 26 फरवरी।** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, भारत की पांचवीं सबसे बड़ी सीमेंट कंपनी और पूर्वी भारत में अग्रणी सीमेंट कंपनी, क्षमता के मामले में, ने गुवाहाटी, असम के बाहरी इलाके में स्थित पमोही गांव में अपना पहला पूर्ण-महिला रेडी-मिक्स कंक्रीट (आरएमएक्स) संयंत्र शुरू किया। न्युवोको रेडी-मिक्स कंक्रीट में भी अग्रणी कंपनी है और पूरे भारत में पचास से अधिक रेडी-मिक्स कंक्रीट संयंत्रों का संचालन करती है। नए उद्घाटन किये गये रेडी-मिक्स कंक्रीट प्लांट में, आठ सदस्यों की एक पूरी महिला टीम संचालित करेगी जो काम की जिम्मेदारियों की एक विस्तृत सीरीज़ को प्रभावी ढंग से संभालने के लिए अच्छी तरह से प्रशिक्षित है। इन महिलाओं की नौकरी की जिम्मेदारियों में बिक्री, ग्राहक संबंध, वित्त, उच्चतम गुणवत्ता वाले कंक्रीट का निर्माण और इसे हमारे ग्राहकों के उपयोग के स्थान पर पहुंचाना शामिल है। श्री प्रशांत झा, चीफ कंक्रीट एंड एग्रीगेट्स, न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ÷न्युवोको हमेशा एक समान अवसर नियोक्ता रहा है। इस सुविधा के संचालन के परिणामस्वरूप, हम अपने संगठन के सभी स्तरों पर एक मजबूत और विविध कार्यबल के निर्माण के लिए अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने में सक्षम

## कोसरिया मरार पटेल समाज राज अंबागढ़ चौकी ने कराया 10 जोड़ों का सामूहिक आदर्श विवाह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**अम्बागढ़ चौकी 26 फरवरी।** ग्राम बागद्वार में कोसरिया मरार पटेल समाज राज अंबागढ़ चौकी का राज्य स्तरीय सामूहिक आदर्श विवाह एवं स्नेह सम्मेलन कार्यक्रम 23 फरवरी को आयोजित की गई जिसमें सवेरे से ही विभिन्न गांवों से आए समाजिक जनों एवं वर-वधूओं के उपस्थिति पंजीयन शुरु हुआ। जिसमें प्रातः 9÷00बजे समाजिक जनों , पदाधिकारियों की उपस्थिति में समाज के अधिष्ठात्री देवी शाकंभरी की पूजा अर्चना के साथ प्रारंभ हुआ। जिसमें समाज के राज अध्यक्ष देव कुमार पटेल सचिव द्वारका पटेल संरक्षक मोहन पिपरिया जी मेहतर पटेल, महासिंह पटेल, उमेंदी पटेल दैवसिंग पटेल उपाध्यक्ष- रोमन पटेल ,भुनेश्वर पटेल ,टेकराम पटेल मोहन पटेल कोषाध्यक्ष चरण पटेल, सलाहकार देवी लाल पटेल ,सुरजुराम पटेल ,हिरामन पटेल , मानसिंग पटेल, प्रेम सिंह प कार्यालय सचिव अनिल पटेल संगठन मंत्री देवचंद प्रदेश महामंत्री सुदर्शन पटेल मीडिया प्रभारी देशन पटेल प्रकाश पटेल शाकंभरी मंदिर के पुजारी पटेल कंश पटेल पुरंदन पटेल रमेश पटेल ,पूरन पटेल भगत पटेल एवं गांव के रूपनाथ पटेल ,दुलारना पटेल , कुंवर सिंह पटेल देवचंद पटेल गिरधारी पटेल महेंद्र ,धनीराम पटेल ,कामता पटेल, नीलू पटेल, विशाल पटेल उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि माननीय चंदू साहू विधायक प्रतिनिधि एवं विशिष्ट अतिथि अब्दुल खान - अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुमर्दा, विशेष अतिथि माननीय श्रीमती कांति भंडारी, जिला पंचायत सदस्य ,देव पन्द्रो जनपद सदस्य छुरिया, विशाल बघेल महामंत्री ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुमर्दा धनंजय बघेल अध्यक्ष एसईसीसी कुमर्दा , मुकेश पटेल सचिव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुमर्दा ,गोविंद पटेल उपाध्यक्ष प्रदेश कोसरिया मरार पटेल समाज छ. ग., श्याम चरण पटेल अध्यक्ष कोसरिया मरार पटेल समाज संजारी राज अध्यक्ष, खोरबहरा राम पटेल पूर्व जिला अध्यक्ष कोसरिया मरार पटेल समाज राजनांदगांव एवं रेवाराम यादव सरपंच ग्राम पंचायत बागद्वार दौलत राम वर्मा ग्राम पटेल बागद्वार शामिल हुए। विधायक प्रतिनिधि चंदू साहू जी ने अपने उद्बोधन में समाज द्वारा सामूहिक आदर्श विवाह से फिजूलखर्ची से



बचने और वर्तमान कुरीतियों को समाप्त करने की सामाजिक प्रयास को सराहा और सभी 10 जोड़ों को आशीर्वाद एवं गिफ्ट भेंट किए। कार्यक्रम के समापन समारोह में जिले के लोकप्रिय सांसद संतोष पांडे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए एवं जिला पंचायत अध्यक्षा श्रीमती गीता घासी साहू , समाज के प्रदेश अध्यक्ष माननीय राजेंद्र नायक , सुनील पटेल कार्यकारी अध्यक्ष कोसरिया मरार पटेल समाज छ.ग. , हिरेन्द्र कुमार साहू अध्यक्ष जिला किसान मोर्चा भाजपा राजनंदगांव ,श्रीमती किरण वैष्णव अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया , घासीदास साहू महामंत्री जिला भाजपा किसान मोर्चा राजनांदगांव, श्रीमती भेषबाई साहू अध्यक्ष उपाध्यक्ष जिला भाजपा महिला मोर्चा राजनंदगांव, रविंद्र वैष्णव संगठन मंत्री जिला भाजपा राजनांदगांव एवम गोपाल साहू बोधन लाल साहू महामंत्री मंडल भाजपा कुमर्दा, माननीय अनिरुद्ध चंद्राकर मंत्री मंडल भाजपा कुमर्दा एवं प्रदेश कोसरिया मरार पटेल समाज के पदाधिकारी गण खेलू राम पटेल केशव पटेल अशोक पटेल दुलेश पटेल डॉ हनस पटेल ,सुदेश पटेल कमलेश पटेल शामिल हुए ।

### ग्राम छिपली में सतनाम सेना का गठन



**नगरी 26 फरवरी।** सतनाम पंथ के अनुयाईयों ने गुरू घासीदास बाबा के संदेश को जन जन तक पहुंचाने सतनाम सेना का गठन किया गया है इस संगठन के मुखिया योगेंद्र कुमार भट्ट ने बताया की मनखे मनखे एक सामान का संदेश देकर सत्य की राह में चलते हुए सतनाम पंथ का स्थापना करने वाले विश्व के सबसे बड़ा समाज सुधारक संत गुरु घासीदास बाबा के तपोभूमि स्थान गिरौदपुरी में गुरु दर्शन मेला 24,25,26 फरवरी को है जहां लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर बाबा से आशीर्वाद लेते हैं, इस मौके पर सभी संत समाज एवं सतनाम धर्म की अनुयाईयों को बाबा के जन्म भूमि, कर्म भूमि तपोभूमि में पधारने आमंत्रित किया है, सतनाम सेना से जुड़ने वाले संदीप महिलांगे, यशवंत धृतलहरे, हुलास राम सोनवानी, राहुल चतुर्वेदी, राधेश्याम मल्होत्रा, नंदकुमार, विकास कुमार आडिल तोमन आडिल योगेंद्र भट्ट,ने अपना योगदान दिया इस मौके पर सतनामी समाज के ब्लॉक अध्यक्ष विष्णु टंडन ने सतनाम सेना के गठन पश्चात सभी युवाओं को अपनी शुभकामनाएं दी है।

### कार्यशाला में बूथ सशक्तिकरण की जानकारी दी



**रायपुर 26 फरवरी।** आज भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ कुशाभाऊ ठाकरे परिसर रायपुर में बूथ सशक्तिकरण का कार्यशाला 25/2/2023 को शिव प्रकाश सिंह जी राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री माननीय अरुण साव जी प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़, माननीय पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह जी, माननीय पवन साय भाई साहब जी संगठन महामंत्री छत्तीसगढ़, के उपस्थिति में प्रशिक्षण आयोजित किया गया है और प्रदेश भर के अपेक्षित कार्यकर्ता गण शामिल होने पहुंचे थे ,जिसमें शामिल हुए भाजपा प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य व दंतेवाड़ा संगठन सह प्रभारी श्री हुंगा राम मरकाम जी।

### टीम कैट ने राज्यपाल रमेश बैस से सौजन्य मुलाकात की




**रायपुर 26 फरवरी।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल एवं मिडिया प्रभारी संजय चौबे ने बताया कि आज कैट सी.जी. चैप्टर का एक प्रतिनिधी मंडल महामहिम राज्यपाल श्री रमेश बैस जी से सौजन्य मुलाकात कर उन्हे महाराष्ट्र राज्य के राज्यपाल बनने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुलाकात के दौरान टीम कैट ने कहा कि मुम्बई देश की आर्थिक राजधानी है, साथ ही फिल्म उद्योग है। देश के आर्थिक नगरी होने के कारण प्रदेश के व्यापारियों एवं उद्योगपतियों का व्यापार महाराष्ट्र राज्य से होता है। दोनों राज्यों के व्यापार एवं उद्योग के विकास के बारे में महामहिम से चर्चा की गई। महामहिम राज्यपाल प्रदेश के होने के कारण यहां के व्यापारी एवं उद्योगपति तथा छॉलीवुड उनसे अपेक्षित है। महामहिम ने प्रदेश के व्यापार एवं उद्योग के विकास के लिए सकारात्मक आस्वासन दिया। महामहिम से मुलाकात में कैट सी.जी. चैप्टर के पदाधिकारी एवं युवा टीम के पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे ÷- परमानन्द जैन, सुरिन्द्रर सिंह, भरत जैन, प्रीतपाल सिंह बग्गा, जयराम कुकरेजा, महेन्द्र कुमार बागरोडिया, मोहन वर्ल्यानी, अनिल केवलानी, रमेश खोडियार, मोहित अठवानी एवं राजेश बिहानी आदि।



**जामुल ।** शक्ति केंद्र 1 जामुल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात के 98वें एपिसोड को सुनते हुए पूर्व नगर पालिका परिषद अध्यक्ष एवं पार्षद दाऊ रेखराम बंछोर के निवास में कार्यकर्तागण ।

## निर्देशक स्व.विजय पांडे की स्मृति में संगी सुर ताल के प्रदेश स्तरीय गायन प्रतियोगिता के ऑडिशन में 30 प्रतियोगियों ने भाग लिया

**कोरबा 26 फरवरी।** रायपुर की प्रशिद्ध संगीत संस्था स्वर सप्तक द्वारा विगत 19 फरवरी से प्रदेश स्तरीय गायन प्रतियोगिता का आयोजन तीन चरणों में सम्पन किया प्रथम चरण रायपुर में 19 को प्रेस क्लब में सम्पन हुआ 7द्वितीय चरण में 22 राजनादगांव में गायको का बेहतर रिसपॉन्स मिला । तीसरा और अंतिम ऑडिशन 25 को कोरबा में हर्षोउलाष के साथ सम्पन हुआ।

आप बता दे कि 1971 में बनी प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी फ़िल्म घर-द्वार के जाने -माने निर्माता निर्देशक रायपुर भनपुरी निवासी स्व.विजय पांडेय ÷जेके फिल्म्स की शानदार प्रस्तुति ÷संगी सुर- ताल के छत्तीसगढ़ी गीत संगीत पर आधारित, गायन प्रतियोगिता का आयोजन 19 फरवरी से प्रारंभ होकर फाइनल राउंड 25 फरवरी शनिवार को दोपहर 12 बजे से ऑडीशन स्काई गार्डन होटल शीलाग्रीन में हुआ आज शनिवार को ऑडिशन में लगभग 30 प्रतियोगियो ने अपनी बेहतरीन अंदाज एवं गायकी से जजो को प्रभावित किया। वही गायको में अपूर्वा सिंह ,राधेश्याम पाव,मनीषा कश्यप, हेमा जयशवाल ,दीपक साहू,सुरभि गुप्ता ,ने अपना बेस्ट से बेस्ट गायकी से जजो का दिल जीत समाप्ति पर सभी गायको को सम्मानीय निर्णयको के द्वारा प्रस्सति पत्र भी प्रदान किये गए ,निर्णयाको में डीआर बेनर्जी





एवं प्रहलाद सिंह रहे।आयोजन प्रमुख स्वर सप्तक संस्था के उदय दास ने जानकारी दी कि हमारे द्वारा प्रतियोगिता कराने का मकसद, समाज में सामाजिक एवम सांस्कृतिक व संगीत की छेत्र मे नवोदित प्रतिभाओं को मंच देना एवं उनकी संगीत साधना को निखारना व उन्हें सम्मानित करना ही संस्था का मेन उद्देश्य है,तीनो चरणो के ऑडिशन राउंड में 2 केटेगरी में चयन की प्रक्रिया में, पहली केटेगरी में उम्र सीमा 15 वर्ष एवं दूसरी केटेगरी में 15 वर्ष से ऊपर के प्रतियोगीओ का सलेक्शन किया गया। संगीत प्रतियोगिता का फाइनल रायपुर ने 12 मार्च को होगा।

### परीक्षा के दौरान ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर प्रतिबंध

**राजनांदगांव 26 फरवरी।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री डोमन सिंह ने छत्तीसगढ़ कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत 24 फरवरी 2023 से 31 मई 2023 तक राजनांदगांव जिला क्षेत्रअंतर्गत ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है। जारी आदेश के अनुसार छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा जारी हाई स्कूल व हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा एवं शारीरिक प्रशिक्षण पत्रोपाधि परीक्षा 1 से 31 मार्च 2023 तक तथा विश्वविद्यालय की परीक्षा 1 मार्च से 25 मई 2023 तक आयोजित की जाएगी। ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग से परीक्षा एवं छात्र-छात्राओं पढ़ाई में व्यवधान उत्पन्न हो सकता है। परीक्षाओं के सुचारू रूप से संचालन एवं छात्र-छात्राओं की परीक्षाओं की तैयारी में व्यवधान उत्पन्न न हो।

### जनता कांग्रेस से छुटकारा चाहती है- अरुण साव

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में आज बूथ सशक्तिकरण अभियान पर आधारित प्रदेश पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष व अन्य कार्यकर्ताओ की बैठक सम्पन्न हुई। आज पूरे प्रदेश में बूथ सशक्तिकरण कार्यक्रम की योजना संरचना का निर्माण हुआ। प्रदेश अध्यक्ष सांसद व श्री अरुण साव ने स्वागत भाषण में मोर आवास- मोर अधिकार अभियान के तहत जनता के हक में संघर्ष कर रहे सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दी। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि कांग्रेस के विधायक निवास के घेराव में हजारों लोगों की भीड़ आ रही है। जनता कांग्रेस की इस सरकार से छुटकारा चाहती है। श्री साव ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की निर्मम हत्या के उपरांत किए गए प्रदर्शनों से हमने साफ संदेश दिया है कि हम अपने कार्यकर्ता को सर्वोपरि मानते हैं।

### गांधी परिवार की चापलूसी कांग्रेस का इकलौता एजेंडा - कौशिक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने बस्तर में नक्सली हमले में 3 जवानों की शहादत पर कांग्रेस द्वारा कोई दुख व्यक्त न करने पर अफसोस जाहिर करते हुए कहा है कि कांग्रेस का एजेंडा सिर्फ गांधी परिवार की चापलूसी करने का है। यह इनका इकलौता एजेंडा है और इसके अलावा इनका कोई एजेंडासे ऐसा नहीं है, जो जनता के लिए हो, जनता की रक्षा में लगे जवानों के लिए हो। इन्हें जनता और जवानों दोनों की कोई चिंता नहीं है। नक्सली इन्हें मारते रहें तो मारते रहें। नक्सलियों के हमले में जनता और जवान मारे जाते हैं और कांग्रेस राजनीति में व्यस्त रहती है। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा कि अभी हाल ही जब राजनांदगांव जिले में नक्सली हमले में जवान मारे गए, उस समय मुख्यमंत्री, कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी और कई सारे मंत्रियों सहित कांग्रेसी नेता भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए हाय तौबा मचा रहे थे।

■ मोर मकान मोर आस के तहत लाटरी के माध्यम से 14 पात्र हितग्राहियों को आवास का आबंटन

# स्वयं के आवास का सपना हुआ साकार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 25 फरवरी।** आजादी के अमृत महोत्सव की बेला में देश के प्रत्येक परिवार के सर पर पक्की छत हो इस सोच को सकार करने के लिये प्रधानमंत्री आवास योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है, क्रियान्वयन की इस कडी में छत्तीसगढ शासन की संवेदनशील पहल किरायेदारों के रूप में निकाय क्षेत्र के परिवारों को उनका स्वयं का अपना आवास मात्र लागत मूल्य पर उपलब्ध कराया जा रहा है इसके लिये मोर मकान मोर आस योजना के तहत आम आदमी के आवास का सपना सकार करने की एक पहल है। योजना के क्रियान्वयन एवं जनमानस को योजना का लाभ देने नगर निगम द्वारा प्रक्रिया कर आवेदन आमंत्रित किया गया। प्राप्त आवेदनों में पात्र हितग्राहियों को आज दिनांक 24 फरवरी 2023 दिन शुक्रवार को नगर निगम सभागृह में सुबह 11:30 बजे पुनर्वास एवं नियोजन विभाग के प्रभारी सदस्य श्री



भागचंद साहू, लोक निर्माण विभाग के प्रभारी सदस्य श्री मधुकर वंजारी, पार्षद श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा व श्री संजय रजक सहित, उपायुक्त श्री सुदेश कुमार सिंह, तथा कार्यपालन अभियंता व योजना के नोडल अधिकारी श्री यू.के. रामटेके की उपस्थिति में लाटरी के माध्यम से 14 पात्र हिग्राहियों को आवास का आबंटन किया गया।

नोडल अधिकारी श्री रामटेके ने बताया कि उक्त योजना के तहत 342 आवेदन प्राप्त हुये थे, जिसमें से दावा आपित्त उपरांत पात्र 200 आवेदकों की सूची जारी की गयी थी। जिसमें से 14 आवेदकों के द्वारा परियोजना अनुरूप एक मुस्त राशि जमा करने के उपरांत उन आवेदकों को लाटरी की प्रक्रिया में शामिल कर आवास आबंटित किया गया। उन्होंने बताया कि लखोली में निर्मित 304 यूनिट में 2, रेवाडीह में निर्मित 340 यूनिट में 8, मोहारा में निर्मित 340 यूनिट में 2 एवं मोहारा में निर्माणाधीन 870 यूनिट में 2 आबंटित किया गया, इस प्रकार कुल 14 हितग्राही के स्वयं के आवास का सपना सकार हुआ। उन्होंने बताया कि हितग्राहियों को 10 दिवस उपरांत आवास आबंटन पत्र दिया जायेगा। साथ ही पात्र हितग्राही जो इस लाटरी में शामिल नहीं हो पाये उन्हें राशि जमा उपरांत पुनः लाटरी कर आवास का आबंटन किया जायेगा तथा जो आवेदक बैक से ऋण लेना चाहते है उन्हें ऋण की सुविधा भी उपलब्ध करायी जा रही है। प्रभारी सदस्य श्री भागचंद साहू व श्री मधुकर वंजारी ने सभी हितग्राहियो को बधाई देते हुये कहा कि छत्तीसगढ़ शासन की इस अभिनव योजना का लाभ लेकर आज वर्षो से किराये में निवासरत परिवार भी अपने स्वयं के आवास का सपना सकार कर रहे है। इस अवसर पर योजना के सहायक नोडल अधिकारी श्री संदीप तिवारी, लेखा अधिकारी श्री शैलेष पाण्डे, राजस्व निरीक्षक श्री हितेश ठाकुर, राजस्व उप निरीक्षक श्री राजकुमार बंजारे, योजना के सी.एल.टी.सी. श्रीमती सोनम पालिया, श्री अंकुर मिश्रा व श्री ललित मानकर सहित हितग्राही उपस्थित थे।

## एक नजर

### नपा कांप्लेक्स नीलामी रद्दे होने के पीछे कोई खींचतान नहीं:रावतीय

बीजापुर, 26 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। बस स्टैंड परिसर में निर्मित पालिका



कॉम्प्लेक्स की नीलामी रद्द होने के पीछे पालिका अध्यक्ष और विधायक में खींचतान जैसे आरोपों का पालिका अध्यक्ष बेनहुर रावतीय ने खंडन किया है। बेनहुर का कहना है कि जिन दुकानों की नीलामी होनी है, इनमें पात्र दुकानदारों को प्राथमिकता मिले, पालिका इसी प्रयास में है। बस स्टैंड परिसर में बहुत से व्यापारी लंबे समय स अस्थाई दुकानें लगाकर अपनी जीविका चलाते आ रहे है, चूंकि अब स्थाई दुकानें बन चुकीं है, लिहाजा दुकानों की नीलामी में उक्त व्यापारियों को प्राथमिकता दिलाने हेतू पालिका प्रयासरत है। हालाँकि नीलामी स्थगित होने के पीछे कुछ पार्षदों द्वारा विधायक के हस्तक्षेप जैसे आरोप लगाकर व्यापरियों को दिग्भ्रमित करने का प्रयास किया गया है। विधायक के हस्तक्षेप जैसे जो भी आरोप लग रहे है पूरी तरह से निराधार है, विधायक के साथ पालिका अध्यक्ष भी पूरी जिम्मेदारी और निष्ठा से नीलामी प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि जरूरतमंद और पात्र व्यापरियों को काम्प्लेक्स आबंटित हो सके।

### बोर्ड परीक्षा को लेकर कलेक्टर ने विद्यार्थियों से की तनावमुक्त रहने की अपील

बीजापुर, 26 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। बोर्ड परीक्षा 10वीं एवं 12वीं की



परीक्षा शुरू होने वाली है, कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा ने पालकों और विद्यार्थियों को परीक्षा को लेकर तनाव मुक्त रहने बच्चों का पूरा साथ देने की अपील की। कलेक्टर ने कहा है कि साल भर बच्चों ने तैयारी की है। ऐसे में अतिरिक्त तनाव ने ले बल्कि जितना पढ़े हैं उन्हे बार-बार अभ्यास करें, शांत दिमाग से पेपर को बनाए एक पेपर बिगड़ने का असर दूसरे पेपर पर नहीं पड़े इसका विशेष ध्यान रखे अच्छी नींद लें ताकि पेपर भी अच्छा बने अभिभावक बच्चों का ध्यान रखें तनाव न लेने दे, परीक्षा के दिन समय पूर्व परीक्षा केन्द्रों में पहुंचे ताकि किसी प्रकार की हड़बड़ी न रहे कलेक्टर कटारा ने अच्छे नंबरों के साथ परीक्षा पास करने के लिए बच्चों को शुभकामनाएं दी।

### परमिट शर्तों के उल्लंघन पर 5 बसों से 22 हजार जुर्माना वसूला



बीजापुर, 26 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। आरटीओ अधिकारी किशन मोहर द्वारा जिले में बस संचालन को व्यवस्थित करने आवश्यक मापदंड के अनुसार बस का संचालन सुनिश्चित करने अनियमित समय पर चलने वाले बसों, बस ड्राईवर एवं कंडक्टर द्वारा नियमों का पालन नहीं करने परमिट शर्तों का उल्लंघन जैसे 5 प्रकरणों पर कार्यवाही करते हुऐ 22 हजार रूपए की जुर्माना वसूल की गई साथ में समझाईश दी गई कि इस तरह की पुनरावृत्ति पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

### मकबूल अली बने छग राष्ट्रीय जनसभा पार्टी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष

बीजापुर, 26 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। छत्तीसगढ़ प्रदेश राष्ट्रीय जनसभा पार्टी कमेटी में मकबूल अली को अल्पसंख्यक विभाग का प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया गया है प्रदेश राष्ट्रीय जनसभा पार्टी कमेटी छत्तीसगढ़ में अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश मकबूल अली नियुक्त किए गया . मकबूल अली की नियुक्तती राष्ट्रीय अध्यक्ष लखमूराम टंडन के द्वारा राष्ट्रीय महासचिव वीरेंध बैध सिन्हा जी एवं कोंडागांव जिला अध्यक्ष विजय लहरे मौजूद रहे। राष्ट्रीय जनसभा पार्टी के केंद्रीय कार्यलय कोंडागांव मे नियुक्ति किया गया। पार्टी के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए पार्टी को मजबूती के लिए प्रदेश अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का गठन किया गया है द्य छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक विभाग के प्रकोष्ठ नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष ने कहा राष्ट्रीय जनसभापार्टी की विचारधारा से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ली है द्य राष्ट्रीय अध्यक्ष के द्वारा जो दायित्व दिया गया है उसे कर्तव्यनिष्ठा से पालन करूंगा द्य मजूदर किसान गरीब की अन्याय अत्याचार के विरुद्ध अपना आवाज उठाते रहूंगा और हक़ अधिकार की लड़ाई लड़ते रहेंगे।



प्रशासनिक तंत्र गांव-गांव दौरा कर शिविर में सिस्टम के फायदे से करा रहे हैं अवगत

# मनरेगा का भुगतान आधार से करवाने के लिए उमड़ रहे श्रमिक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 26 फरवरी।** महात्मा गांधी नरेगा के अंतर्गत श्रमिकों के मजदूरी भुगतान आधार इनबिल्ड पेमेंट सिस्टम से होने के बाद जिले की ग्राम पंचायतों में इससे संबंधित जानकारी हितग्राहियों के पहुंचाने एवं मनरेगा की मजदूरी भुगतान की राशि मनरेगा श्रमिकों के खाते में प्राप्त हो इसके लिए आधार कार्ड की छायाप्रति संग्रह हेतु शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर राजेंद्र कुमार कटारा की पहल से जाबकार्डधारी परिवारों तक सही सही जानकारी पहुंचाने के उद्देश्य से एवं आधार वेरीफिक्रेशन कार्य को गति देने के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रवि कुमार साहू ने जिला स्तर से सहायक परियोजना अधिकारी पीआर साहू, नारायण बंजारे, मनीष सोनवानी एवं उपसंचालक पंचायत गीत कुमार सिन्हा के नेतृत्व में जनपद पंचायतवार दल का गठन किया है। जिसके असर यह हुआ कि जिला स्तर के प्रशासनिक अमले आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम के संबंध में चारो जनपद की ग्राम पंचायतों में इससे मनरेगा मजदूरों को होने वाले फायदे को बता रहे हैं।



मजदूरी राशि का समय पर आधार के आधार पर भुगतान की जानकारी मिलते ही श्रमिकों का जमावड़ा आधार वेरिफिक्रेशन के लिए जुट रहा है।

गुरुवार को जनपद पंचायत भोपालपटनम में ग्राम पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायकों की साप्ताहिक बैठक में सहायक परियोजना अधिकारी नारायण बंजारे द्वारा समीक्षा एवं निर्देश दिए गए। ग्राम पंचायत पामगल में जनपद सीईओ भोपालपटनम बीआर गौतम द्वारा आधार सीडिंग कार्य का निरीक्षण किया गया वहीं ग्राम पंचायत अंगमपल्ली में 75 आधार कार्ड वेरिफिक्रेशन के लिए संकलित किए गए। जिनका निरीक्षण कर एपीओ बंजारे द्वारा मनरेगा के भुगतान प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी जाबकार्ड धारी परिवार को दी गई। वहीं जनपद पंचायत बीजापुर एवं भैरमगढ़ के पंचायतों में एपीओ पीआर साहू एवं मनीष सोनवानी ने दौरा किया। ग्राम पंचायत बड़े तुंगाली में बीसी सखी द्वारा खाता खुलवाया गया एवं आधार जमा किया गया। ग्राम पंचायत बोरजे एवं धनोरा में एइपी सिस्टम के बारे में बताते हुए मनरेगा में काम मे आने के लिए प्रेरित किया गया। उसूर ब्लॉक के नुकनपाल पंचायत के आश्रित ग्राम चेरामंगी में उप संचालक गीत सिन्हा के द्वारा ग्रामीणों एवं पंचायत प्रतिनिधियों इस प्रणाली के माध्यम से भुगतान के सम्बंध में जानकारी दी गई।

**जाने क्या है एईपीएस प्रणाली**

एईपीएस एक प्रकार की भुगतान प्रणाली है, जो आधार कार्ड के प्रमाणीकरण के बाद वित्तीय लेन-देन की सुविधा प्रदान करती है। इसका मुख्य उद्देश्य आधार के माध्यम से सभी को वित्तीय और बैकिंग सुविधा उपलब्ध कराना है। हितग्राही को जिस बैंक खाते में भुगतान चाहिए उस बैंक में आधार कार्ड के साथ जाना होगा। पासबुक ले जाकर केवाईसी फार्म को भरकर बैंक में जमा करना होगा। तत्पश्चात् 24 घंटे के भीतर हितग्राही इस सिस्टम का लाभ ले सकते हैं।

# ग्रामीण की हत्या और लूट में शामिल माओवादी विस्फोटक सहित गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 26 फरवरी।** जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के दौरान 24 फरवरी को डीआरजी और गंगालूर की संयुक्त टीम मेटापाल, गोंगला की ओर निकली थी। अभियान के दौरान मेटापाल के जंगलों से एक संदिग्ध को पकड़ा गया जिसके पास रखे थैला की चेकिंग करने पर 01 नग टिफिन बम मय डेटोनेटर, जिलेटीन राड, कार्डेक्स वायर एवं इलेक्ट्रिक वायर बरामद किया गया। संदिग्ध का नाम एवं पता पूछे जाने पर अपना नाम - मनकू पूनेम पिता बोडडा उम्र 26 वर्ष जाति मुरिया साकिन मेटापाल एर्रापारा थाना गंगालूर बताया। प्रकरण में थाना गंगालूर में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पकड़ा गया संदिग्ध 17 जनवरी को थाना गंगालूर क्षेत्रान्तर्गत इदेनार के जंगालों में पुलिस पार्टी पर बम विस्फोट करने एवं फायरिंग करने की घटना में शामिल था। सर्चिंग के



दौरान मेटापाल से माओवादी घटना में फरार आरोपी सुदरू पूनेम पिता टोकड़ा ऊर्फ टोका पुनेम उम्र 30 वर्ष निवासी पुसनार थाना गंगालूर को पकड़ा गया जो 4 सितम्बर 2020 को पुसनार के ग्रामीण पुनेम सन्नू का अपहरण कर हत्या करने की घटना एवं 04 अगस्त 2021 को पुसनार के ग्रामीण के घर में लूटपाट की घटना में शामिल था। उक्त के विरूद्ध थाना गंगालूर में 02 स्थाई वारंट भी लंबित पाया गया। पकड़े गये माओवादियों के विरूद्ध थाना गंगालूर में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय बीजापुर पेश किया गया।

**4 किलो का आईईडी बरामद**

**बीजापुर, 26 फरवरी।** कोबरा बी/210 द्वारा एरिया डॉमिनेशन के दौरान मोकुर कैम्प के दक्षिण पहाड़ी से 04 किग्रा का प्रेशर आईईडी बरामद किया। केरिपु 229 के बीडीएस टीम द्वारा मौके पर निष्क्रिय किया गया। सुरक्षा बलो को निशाना बनाने के लिये माओवादियों द्वारा पगडण्डी पर लगाया गया था। सुरक्षा बलो की सुझबुझ एवं सतर्कता से बड़ा हादसा टल गया।



### नारियल प्रक्षेत्र पामलवाया में 27 फरवरी को लगेगा कृषक मेला

**बीजापुर, 26 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर जिले के शासकीय नारियल प्रक्षेत्र पामलवाया में 27 फरवरी को कृषक मेला का आयोजन किया जाएगा। जिसमें कृषको को विभागीय योजनाओं से संबंधित जानकारी दिया जावेगा। उक्त मेला उत्सव प्रदर्शनी में जिले के 120 से अधिक कृषक उपस्थित रहेंगे। जिसमें विकास खण्ड बीजापुर से 60 कृषक, भैरमगढ़ से 20 कृषक, भोपालपटनम से 20 कृषक एवं उसूर से 20 कृषकों को आयोजित मेला में विकास खण्ड प्रभारी द्वारा उपस्थित करवाना की जिम्मेदारी दी गई है। उक्त मेला का आयोजन करने हेतु सुकालू कचलाम, प्रभारी शासकीय उद्यान रोपणी पामलवाया को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# बीपीएस चुनाव में अपना पैनल ने मारी बाजी

**प्रदीप पाठक बने अध्यक्ष, विनोद तिवारी उपाध्यक्ष**



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 26 फरवरी।** बस्तर जिला परिवहन संघ के चुनाव में अपना पैनल व एकता पैनल के बीच सीधी और कांटे की टक्कर थी। देर रात परिणाम आने के बाद अपना पैनल के सभी उम्मीदवार निर्वाचित हुए। जिससे अपना पैनल के समर्थकों में भारी उत्साह था।

# कार्यशाला में फड़मुंशियों को दी गई शाख कर्तन की जानकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर, 26 फरवरी।** तेंदूपत्ता शाखा कर्तन को लेकर वन परिक्षेत्र चारामा में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। वनोपज सहकारी संघ मर्यादित चारामा के अंतर्गत ग्राम जेपरा, पलेवा, पुरी प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति के प्रबंधक फड़मुंशीयो, फड़ अभिरक्षक ने हिस्सा लिया। तेंदूपत्ता शाख कर्तन प्रशिक्षण कार्यशाला में मुख्य अतिथि नवली मीना मंडावी ने मां सरस्वती के छाया चित्र पर पूजा अर्चना व माल्यार्पण कर कार्यशाला का शुभारंभ किया।

नवली मीना मंडावी ने उद्बोधन में कहा कि तेंदूपत्ता ग्रामीण अंचलों के लिए एक अच्छा आय का स्त्रोत है अच्छे गुणवत्ता तेंदूपत्ता के लिए अच्छे से शाख कर्तन होना भी आवश्यक है इसलिए सभी गांव में जाकर अच्छे से शाखकर्तन के लिए लोगों को प्रेरित करना चाहिए ताकि गुणवत्ता युक्त



उच्च क्वालिटी के तेंदूपत्ता की पैदावार अंचल में हो सके। जिला पंचायत सदस्य नवली मीना मंडावी ने आगे कहा की वन संपदा राष्ट्र की धरोहर है इसे अवैध कटाई व आगजनी से बचाने के लिए आम इंसान को भी जागरूक होकर प्रयास करते रहना चाहिए। इस अवसर पर वन परिक्षेत्र अधिकारी टी.आर. सिन्हा, डिप्टी रेंजर विजय सिन्हा, पोषक अधिकारी युगल किशोर सोनबोईर, अजय नागवंशी, मनीष नेताम, तरुण देवदास व समिति अध्यक्ष चारमा, पुरी, पलेवा, जेपरा व अधीनस्थ फड़मुंशी, फड़ अभिरक्षक उपस्थित थे।

**शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में जिले के युवा निभा रहे महत्वपूर्ण भूमिका**

# जिले में 12 समाजों का बन रहा सामाजिक भवन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 26 फरवरी।** जिले के विकास के रास्ते में सबसे बड़ा योगदान समाज के लोगों का होता है। आज जिला कार्यालय में कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा ने सभी समाज के लोगों के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री की पहल पर जिले में 12 समाज के लोगों का सामाजिक भवन बन रहा है। सामाजिक भवन के निर्माण से लोगों को अपनी संस्कृति को सहजने और शादी-विवाह के कार्यक्रम के लिए एक मंच मिल रहा है। कलेक्टर ने समाज के लोगों के साथ चर्चा में स्थानीय समस्याओं पर चर्चा की तथा उसके निदान के लिए आवश्यक कार्यवाही का भरोसा दिया। इस दौरान बंद पढ़े स्कूलों के पुनः संचालन पर नियमित निगरानी तथा



जिन स्कूलों में दर्ज संख्या 100 के करीब है। वहां अतिरिक्त शिक्षकों की भर्ती सहित स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतर संचालन के लिए निगरानी सहित स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की मौजूदगी पर बल दिया।

उन्होंने बताया कि दुकानों तक उपभोक्ताओं की पहुँच बढ़ाने के लिए राशन दुकानों को मूल पंचायतों में स्थापित करने की प्रक्रिया जारी है। जिले में अब तक 26 विस्थापित राशन दुकानों को उनके मूल पंचायत में स्थापित किया जा चुका है। समाज प्रमुखों से चर्चा में जिला मुख्यालय के नेशनल हाईवे से लगे नालियों के कवर सहित स्कूल के पास जेब्रा क्रासिंग निर्माण तथा ट्रैफिक्र व्यवस्था को सुधारने पर सकारात्मक चर्चा हुई। इसके अलावा किशोरो में नशे कि दिलचस्पी के रोकथाम के लिए समाज प्रमुखों से परिवार स्तर पर पहल करने तथा रोकथाम के लिए सप्लाई चेन को खत्म करने पुलिस प्रशासन से सहयोग प्रदान करने आश्वस्त किया। जिला चिकित्सालय में भर्ती मरीजों के परिजनों के लिए भोजन की व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा प्रदान किया जाएगा। जिले के अंदरूनी क्षेत्रों में शिक्षा के लिए विषयवार शिक्षकों कि भर्ती सहित डीएड, बीएड किये हुए क्षेत्र के युवाओं को प्रशिक्षित कर भर्ती किया जाएगा। बैठक में पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय ने सुरक्षा व्यवस्था, शांति व्यवस्था सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुऐ सामाजिक पदाधिकारियों से समन्वय एवं सहयोग की बात कही। बैठक में एसडीएम बीजापुर पवन कुमार प्रेमी ने सामाजिक भवनों का निर्माण समय-सीमा में कराने आवश्यक सुझााव समाज प्रमुखो के साथ साझा किया।

## समाचार संक्षेप

### मुख्य वन संरक्षक ने ली मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना के हितग्राही चयन की जानकारी



बीजापुर, 26 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। मुख्य वन संरक्षक जगदलपुर मोहम्मद शाहिद द्वारा सामान्य वन मंडल के अधिकरी कर्मचारियों की समीक्षा बैठक ली गई। दिन भर के बैठक में मोहम्मद शाहिद द्वारा विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा - निर्देश दी गई। जिसमें मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना के हितग्राही चयन की प्रगति तथा रोपण की तैयारी के संबध में विस्तृत जानकारी ली गई तथा वन क्षेत्रों में होने वाले अग्नि घटनाओं को रोकने एवं साथ ही वन अग्नि कारित करने वाले लोगों के विरुद्ध पीओआर जारी करने के कड़े निर्देश दिए गए। माह मार्च में समस्त भुगतान पूर्ण करने के लिए विभिन्न मदो से बजट हेतु तत्काल प्रस्ताव प्रेषित करने को कहा। साथ ही कर्मचारी के आवास मरम्मत, वर्दी, यात्रा देयक इत्यादि के बारे चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मध्यान्ह में इंद्रावती टाइगर रिजर्व के अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर नरवा कार्यो को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में वनमंडलाधिकारी बीजापुर अशोक पटेल, एसडीओ पीएनआर नायडू, प्रकाश नेताम, नितिन रावटे,, तथा इंद्रावती टाइगर रिजर्व के एसडीओ संजय रावतिया, मनोज बघेल, जी चलमैया तथा दोनों मंडल के अधिकरी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### मोबाइल के मोह से बच्चों को बचाने जागरूकता अभियान में बाल संरक्षण तंत्र की दी जा रही हैं जानकारी



बीजापुर, 26 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा के निर्देशानुसार, जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा जिले के देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों के पहचान एवं पुनर्वास, बच्चों को नशे की लत से बचाने, भिक्षावृत्ति रोकथाम एवं सड़क जैसे स्थिति में रहने वाले बच्चो का चिन्हांकन, बच्चों को मोबाईल के मोह से बाहर लाने का प्रयास एवं सघन कोरोना टीकाकरण के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। टीम द्वारा सभी विकासखण्डो में शिक्षा विभाग/पोटाकेबिन से समन्वयन कर पोटाकेबिन, आवसीय आश्रमो, स्कूलो में जाकर टीम द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में बाल संरक्षण गतिविधि, मिशन वात्सलय, किशोर न्याय बालको की देखरेख अधिनियम 2015, पाक्सो एक्ट 2012, देखरेख एवं संरक्षण की जरूरतमंद बच्चों लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित एकीकृत बाल संरक्षण योजना अंतर्गत बालक कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, बालगृह, बालसुधार गृह, दत्तक ग्रहण विनियम, बाल श्रम प्रतिषेध अधिनियम, बाल विवाह रोकथाम, चाईल्ड हेल्पलाईन 1098, ग्राम पंचायतों में बाल संरक्षण समिति के बारे में जानकारी दिया जा रहा है, स्कूल के बच्चों को अभियान के बारे में जानकारी देते हुए जागरूक किया जा रहा है। साथ ही बच्चों को मोबाईल के मोह से छुड़ाने के लिए बच्चों को विभिन्न गतिविधियों में अधिक से अधिक जुडे रहने के संबंध में सलाह दिया जा रहा है ताकि बच्चों को इसके लगाव से मोह को दूर किया जा सके।

### चारामा अस्पताल में सिजेरियन प्रसव सुविधाएं हुई बहाल



उत्तर बस्तर/कांकेर, 26 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। अब चारामा क्षेत्रवासियों को सिजेरियन प्रसव के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। 25 फरवरी प्रातः 11 बजे कुशल चिकित्सकों की टीम द्वारा चारामा विकासखंड के ग्राम मचांदुर निवासी दामिन ठाकुर का सिजेरियन प्रसव किया और स्वस्थ शिशु का जन्म हुआ। गौरतलब है कि 3 वर्ष पहले स्त्री रोग विशेषज्ञ ने अपने सेवा से त्यागपत्र देने तथा निश्चेतना अधिकारी के कोविड-19 से मृत्यु होने के कारण चारामा अस्पताल में सिजेरियन प्रसव बंद हो गया था। ऐसे में क्षेत्र के अधिकांश गर्भवती माता जटिल प्रसव की स्थिति में प्राइवेट अस्पतालों में जाने को मजबूर थे। जिससे उन्हें काफी खर्चीली एवं शारीरिक, मानसिक परेशानियों से होकर गुजरना पड़ रहा था। चारामा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर स्वाति देवांगन के पीजी पढ़ाई से लौटने के बाद फिर से अस्पताल में सिजेरियन प्रसव की उम्मीद जगी। नव पदस्थ सीएमएचओ डॉ अविनाश खरे ने व्यक्तिगत अभिरुचि लेते हुए कलेक्टर डॉ प्रियंका शुक्ला के मार्गदर्शन में सिजेरियन प्रसव से संबंधित सभी सुविधाओं एवं संसाधनों का जायजा लिया और सारी तैयारियों को फिर से दुरुस्त किया। और इस प्रकार आज चिकित्सकों की टीम ने दामिन ठाकुर का सफल सिजेरियन ऑपरेशन संपन्न किया। टीम में डॉ स्वाति देवांगन, डॉ के के सोम,डॉ रंजना गुप्ता, संध्या नायर स्टफनर्स, संतोषी जैन स्टाफनर्स, ज्योति भोयर , हेमन्त जैन ओटी तकनीशियन, वेद सलाम ओटी असिस्टेंट, शामिल थे। सिजेरियन प्रसव में शामिल पूरी टीम को बधाई देते हुए डॉ अविनाश खरे सीएमएचओ कांकेर ने कहा कि सुरक्षित मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य हमारी पहली प्राथमिकता है। शीघ्र ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चारामा में सोनोग्राफी सेवा का भी शुभारंभ होना प्रस्तावित है।

### बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए विद्यार्थियों के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी

उत्तर बस्तर/कांकेर, 26 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला के निर्देश में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा ''हमर लक्ष्य'' के तहत कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में छात्र-छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन, बोर्ड परीक्षा संबंधी कठिन विषयों के प्रश्नों का समाधान, समयबद्ध तैयारी हेतु मानसिक योजनाओं का निर्माण, बोर्ड परीक्षा में उत्तर देने की आदर्श लेखन शैली, अच्छे अंको के प्राप्ति हेतु परामर्श, विषय विशेषज्ञों द्वारा परामर्श, सलाह एवं सुझाव हेतु हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर जारी किया गया है। स्टूडेंट हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर 18002331521, 62634-21782, 88899-02231 पर समस्या का समाधान कर सकते है। बोर्ड परीक्षा अवधि तक प्रत्येक दिवस संध्या 05 बजे से सांय 07 बजे तक निर्धारित समय सारणी अनुसार निम्न लिखीत विषय विशेषज्ञों द्वारा कठिन विषयों गणित, अंग्रेजी, जीव विज्ञान, रसायन, भौतिकी, कॉमर्स एकाउंट्स, भूगोल, अर्थशास्त्र संबंधी विषयों के कठिन एवं जिज्ञासापूर्ण प्रश्नों के हल कर त्वरित निराकरण कर परामर्श देंगे। इसके लिए विशेषज्ञ व्याख्याताओं की ड्यूटी लगाई गई है साथ ही स्टूडेंट हेल्पलाइन के नियमित मॉनिटरिंग एवं सुपरविजन हेतु व्याख्याता श्री हेमंत टांकसाले को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। समस्त प्राचार्य उपरोक्त नंबरों का व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित करें साथ ही बोर्ड परीक्षा के बच्चों को अपने विषयगत परेशानियों का त्वरित निराकरण हेतु अवगत करावें। यह सुविधा बोर्ड परीक्षा संचालन अवधि तक के लिए जारी किया गया है, अधिक से अधिक बच्चे इससे लाभान्वित हो सकते हैं।

## एक नजर

### नगर निगम के सब इंजीनियरों के घर ताला तोड़ लाखों के जेवरात एवं नकदी की चोरी



**भिलाई, 26 फरवरी।** स्मृति नगर चौकी क्षेत्र में 77 एमएलडी नेहरू नगर में बीती रात भिलाई नगर निगम के सब इंजीनियर एवं नगर पालिका कुम्हारी के सब इंजीनियर के सूने घर पर चोरी की घटना में लाखों के जेवरात एवं नकदी की चोरी हुई है। दोनों ही घटनाओं में लाखों के जेवरात एवं नकदी की चोरी कर चोर चंपत हो गए। आरोपित की हरकत सीसीटीवी में कैद हो हो गयी है। स्मृति नगर चौकी में चोरी का मामला दर्ज हो गया है और पुलिस चोरों की तलाश में लग गयी है। भिलाई नगर निगम वैशाली नगर जोन-2 की सब इंजीनियर रीमा जामुलकर ने बताया की 24 फरवरी की रात अपने मायके पदुम नगर भिलाई-3 गयी थी। 25 की सुबह वहीं से रायपुर पेपर दिलाने निकल गयी। इसी दिन काम करने वाली बाई ने फोन पर चोरी की जानकारी दी। आने पर दिखा कि दरवाजे की कुंडी टूटी हुयी है और लाकर से 14 -15 तोला सोने चांदी के जेवरात और डेढ़ लाख नकदी चोरी हुए हैं। इसी के पड़ोस में नगर पालिका कुम्हारी के सब इंजिनियर रेवती रमण शर्मा के यहाँ भी इसी अंदाज में 15 लाख रुपये नकद चोरी हो गए। वे कवर्धा गए हुए थे और घर सूना था। मौके पर सुपेला टीआई दुर्गेश शर्मा एवं क्राइम ब्रांच की ने पहुँच कर अपनी तफ्तीश शुरू कर दी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस जांच की दिशा में बढ़ रही है। क्राइम ब्रांच की टीम को भी लगा दिया गया है। संदिग्धों से पूछताछ जारी है।

### भाजपा के बूथ सशक्तिकरण अभियान में सम्मिलित हुई प्रदेश मंत्री श्याम बाई साहू

**कसडोल, 26 फरवरी।** बलौदाबाजार जिला कसडोल विधानसभा से प्रदेश मंत्री श्याम बाई साहू आज भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में भाजपा के बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत बैठक में सम्मिलित हुई। आज के इस बैठक में प्रदेश पदाधिकारी, जिला प्रभारी, सह प्रभारी, जिलाध्यक्ष एवं हर जिले के 5 सदस्यों की उपस्थिति में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विशेष मार्गदर्शन हेतु राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डाक्टर रमन सिंह, नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन कुमार साय, प्रदेश महामंत्री त्रय केदार कश्यप, विजय शर्मा एवं ओ.पी.चौधरी उपस्थित रहे।

### आबकारी अमले ने महुआ शराब का बड़ा अड्डा नष्ट किया



**रायगढ़, 26 फरवरी।** कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन एवं सहायक आयुक्त आबकारी श्री रामकृष्ण मिश्रा के मार्गदर्शन में जिले में शराब की अवैध बिक्री और परिवहन की रोकथाम के लिए लगातार कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में आगामी होली पर्व के मद्देनजर आबकारी विभाग की टीम ने गोवर्धनपुर इलाके में महुआ शराब के बड़े अड्डे को नष्ट किया। आबकारी विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार वृत्त रायगढ़ (उत्तर) क्षेत्रांतर्गत सूखा नाला जंगल गोर्वधनपुर में लगभग 25 बल्क लीटर महुआ शराब,चढ़ी हुई भट्ठी और कुल लगभग 7500 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त कर नष्टीकरण की कार्यवाही की गई। आगे भी आबकारी विभाग की लगातार कार्यवाही जारी रहेगी। उक्त कार्यवाही में वृत्त प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक हाबिल खलखो एवं स्टाफ विशेष सहयोग रहा।

### जीरो शॉर्टेज के साथ पूरे धान का हुआ उठाव

**रायगढ़, 26 फरवरी।** जिले में धान खरीदी पूरी होने के साथ धान का उठाव भी जीरो शॉर्टेज के साथ पूरा कर लिया गया है। उप पंजीयक सहकारिता श्री सी.एस.जायसवाल से प्राप्त जानकारी अनुसार खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में समर्थन मूल्य में धान खरीदी योजना के तहत जिला रायगढ़ में 69 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के 100 धान उपार्जन केन्द्रों में 69 हजार 345 कृषक सदस्यों द्वारा कुल 41 लाख 29 लाख 664.80 क्विंटल धान का विक्रय किया गया। इसी प्रकार नवीन जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ के विकासखण्ड सारंगढ़ एवं बरमकेला में 41 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के 50 धान उपार्जन केन्द्रों में 46 हजार 743 कृषक सदस्यों द्वारा कुल 21 लाख 37 हजार 912 क्विंटल धान का विक्रय किया गया। कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में समयावधि में खरीदी किए गए समस्त धान का परिदान मूल खरीददार को कर दिया गया है।

# नक्सलियों ने सेना के जवान को गोली मारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कांकेर,26 फरवरी।** सेना का जवान एक सप्ताह पहले ही अवकाश पर घर आया था, वह पास के ही गांव बड़े तेवड़ा का निवासी था, जवान पर नक्सलियों ने तीन गोली दागी सिर पर लगी गोली,छत्तीसगढ़ में शनिवार की सुबह तीन जवानों की शहादत के बाद शाम को एक और बुरी खबर आई है। कांकेर जिले के आमाबेड़ा थाना क्षेत्र के उसेली के बाजार में मुर्गा बाजार देखने गए सेना के जवान को नक्सलियों ने शाम साढ़े 5 बजे गोली मार दी। जवान की मौके पर ही मौत हो गई। खबर मिलते ही आमाबेड़ा पुलिस घटनास्थल पर पहुँची और शव को पीएम के लिए अंतागढ़ रवाना करवाया।

मिली जानकारी के अनुसार, उसेली में शनिवार को बाजार लगता है, बाजार स्थल के पास मुर्गा बाजार लगता है। बड़े तेवड़ा निवासी सेना का जवान मोतीराम आंचले पिता बालसाय आंचले सप्ताहभर पहले छुट्टी पर आया था और शनिवार 25 फरवरी को उसेली बाजार में मुर्गा बाजार देखने पहुँचा वहीं पर घात लगाए नक्सलियों ने सेना के जवान पर तीन गोली दाग दी, जिससे सेना के जवान की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। गोली की आवाज सुनते ही अफरा तफरी मच गई। गोली मारने के बाद सामान्यतया नक्सली बैनर व पर्चा फेंकते है, परंतु गोली दागने के बाद नक्सलियों ने शव को हिलाकर देख लिया कि मौत हो गई, उसके बाद वहाँ से जंगल की ओर निकल गए। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो नक्सलियों की सं या तीन थी और झोला से पिस्टल निकालकर फायर किया। मुर्गा बाजार में पहुँचे लोगों का कहना था कि गोली की तीन आवाज आई थी। सेना के जवान के सिर पर गोली लगी है और आँख पर गोली लगी है।

आमाबेड़ा थानांतर्गत ग्राम गुमझीर में मुर्गा बाजार में पहुँचे होमगार्ड के सैनिक संजय कुंजाम की माओवादियों ने 21 मार्च को शाम लगभग साढ़े 4 बजे हत्या कर दिया। हत्या करने के दौरान मुर्गा बाजार में भगदड़ मच गई थी। मुर्गा बाजार में इस तरह की घटनाएं होने के बाद भी जवान सबक नहीं लेते है और लापरवाही बरतते है, जिसके चलते ऐसी घटनाएं हो जाती है।

डीएसपी डॉ. अनुराग झा ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि मृतक सेना का जवान है और एक सप्ताह पहले अवकाश पर आया था। उसेली बाजार में मुर्गा स्थल पर सेना का जवान पहुँचा, तभी यह घटना घटी है। आमाबेड़ा पुलिस क्षेत्र का सचिंग कर रही है। अभी तक मिली जानकारी के अनुसार नक्सलियों की सं या तीन थी। पुलिस मामले की जाँच की जा रही है।

## गिरौदपुरी दर्शन के लिए निकले भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का जगह-जगह किया गया स्वागत एवं अभिनंदन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कसडोल, 26 फरवरी।** बलौदाबाजार जिला कसडोल विधानसभा में 25 फरवरी को संत गुरु घासीदास बाबा जी के जन्म स्थली तपोभूमि गिरौदपुरी धाम दर्शन के लिए जाते हुए रास्ते में जगह जगह भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता गौरीशंकर अग्रवाल, पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक, पूर्व मंत्री पुन्नूलाल मोहले, विधायक डॉक्टर कृष्णमूर्ति बांधी का भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के कार्यकर्ताओं, सतनामी समाज के पदाधिकारियों एवं नागरिकों द्वारा फूल मालाओं, आतिशबाजी ढोल नगाड़ा के साथ भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। सर्वप्रथम खरोरा में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री वेदराम मनहरे के नेतृत्व में भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

संडी में भाजपा दक्षिण पलारी मंडल के अध्यक्ष महेंद्र साहू के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं अनुसूचित जाति मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा आतिशबाजी फूल मालाओं के साथ भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इसी तरह भाजपा पलारी मंडल के अध्यक्ष नंद कुमार वर्मा, नगर पंचायत के अध्यक्ष यशवर्धन वर्मा, महामंत्री पवन वर्मा के नेतृत्व में स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। ग्राम बिनौरी में भारतीय जनता पार्टी बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के जिला संयोजक एवं जिला पंचायत के सदस्य सुश्री खुशबू बंजारे जी के नेतृत्व में स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। लवन नगर में भाजपा के मंडल अध्यक्ष विजय यादव, महामंत्री गोविंद धृतलहरे के नेतृत्व में स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कसडोल नगर में भाजपा मंडल के अध्यक्ष कृष्ण कुमार पटेल, महामंत्री डॉ सुदीप मानिकपुरी एवं जिला पंचायत के सदस्य नवीन मिश्रा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। तत्पश्चात ग्राम मड़वा में भी कार्यकर्ताओं द्वारा आतिशबाजी के साथ स्वागत व अभिनंदन किया गया। ग्राम मड़वा में स्वागत के पश्चात अरूण साव एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल का काफिला गिरौदपुरी धाम पहुंचा। जहां प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

अरुण साव एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने बड़ी संख्या में उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए संत बाबा गुरु घासीदास जी के जीवनी एवं उनके द्वारा समाज कल्याण के लिए किए गए योगदान पर प्रकाश डाला गया। समाज के नागरिकों को इस तरह के आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। आज के इस अवसर पर भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव, पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरम लाल कौशिक, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, सांसद जांजगीर चांपा गुहाराम अजगल्ले, प्रदेश मंत्री श्याम बाई साहू, पूर्व मंत्री एवं विधायक मुंगेली पुन्नुलाल मोहिले, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नवीन मार्कंडेय, प्रदेश महामंत्री किसान मोर्चा ओमप्रकाश चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में भाजपा के नेतागण अनुसूचित जाति मोर्चा के कार्यकर्तागण एवं भारी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

गिरौदपुरी में गुरुदर्शन कर आशीर्वाद लिए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अरूण साव एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल : भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र के सांसद गुहाराम अजगले, पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक, पूर्व मंत्री पुन्नूलाल मोहले, विधायक डॉक्टर कृष्णमूर्ति बांधी, प्रदेश मंत्री श्याम बाई साहू, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नवीन मार्कंडेय ने आज संत बाबा गुरु घासीदास जी के जन्मस्थली तपोभूमि गिरौदपुरी धाम पहुंचकर गुरु गद्दी का विधिवत रूप से पूजा अर्चना किए एवं आशीर्वाद लेकर क्षेत्र के खुशहाली सुख शांति समृद्धि की कामना की।

### 28 फरवरी को रायगढ़ में होगा मिलेट महोत्सव

**रायगढ़, 26 फरवरी।** कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में आगामी 28 फरवरी को दोपहर 12 बजे से रात्रि 10 बजे तक रामलीला मैदान, रायगढ़ में मिलेट्स महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मिलेट्स व्यंजनों की प्रदर्शनी के साथ ही मिलेट्स विशेषज्ञ-कृषि वैज्ञानिकों की परिचर्चा, उत्कृष्ट कृषक परिचर्चा के साथ न्यूट्रिशन विशेषज्ञ, युवाओं के लिए मिलेट्स क्विज, नुक्कड़ नाटक, प्रतिष्ठित होटल के शेफ, फूड कोर्ट सहित विभिन्न स्टार्टअप की जानकारी मिलेंगी। मिलेट्स महोत्सव में डॉ.सरला खादर का ऑनलाइन व्याख्यान होगा। जिसमे मिलेट्स विशेषज्ञ श्री जलफल, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक एवं उत्कृष्ट कृषक जुड़ेगे।जनसामान्य में मिलेट्स के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से मिलेट्स कैलेण्डर तैयार किया गया है। जिसकी एक प्रति कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा को कृषि विभाग के अधिकारियों ने भेंट की। कलेक्टर श्री सिन्हा ने मिलेट्स कैलेण्डर की प्रशंसा की। मिलेट्स कैलेण्डर में मिलेट मिशन योजनांतर्गत मिलेट्स कोटो, कुटकी, रागी, ज्वार, बाजरा के पोषक गुणों एवं खाद्य सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए आमजनों में जागरूकता लाने व दैनिक आहार में शामिल करने एवं उत्पादन, उत्पादकता विपणन को प्रोत्साहित करने के बारे में बताया गया है।

### ठाकुरपाली में प्रक्षेत्र एवं ड्रोन तकनीक का प्रदर्शन किया

**रायगढ़, 26 फरवरी।** कृषि विज्ञान केन्द्र, रायगढ़ द्वारा डॉ.अजय वर्मा, निदेशक विस्तार सेंवाये, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर एवं निदेशक, कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान, जबलपुर के मार्गदर्शन में विकासखण्ड रायगढ़ के ग्राम-ठाकुरपाली में सरसों फसल किस्म-आर.एच.-406 की 50 एकड़ क्षेत्रफल में वृहद अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन लिया गया है। प्रक्षेत्र दिवस के साथ-साथ सरसों फसल में ड्रोन तकनीक का प्रदर्शन 24 एवं 25 फरवरी 2023 को किया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र, रायगढ़ के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. बी.एस. राजपूत ने प्रक्षेत्र दिवस के अवसर पर सरसों फसल की उत्पादन तकनीक के बारे में विस्तार से चर्चा की। साथ ही सरसों फसल के साथ अन्तर्वती फसल लेने व मधुमक्खीपालन करने के बारे में विस्तार से बताये, जिससे कि कृषकों को अतिरिक्त आय की प्राप्ति हो सके। कार्यक्रम प्रभारी श्री के.के. पैकरा, वैज्ञानिक द्वारा सीड कम फर्टिलाइजर ड्रील से सरसों फसल की बुवाई के फायदे के बारे में विस्तार से बताये गये। जिससे कि आने वाले समय में इस फसल के अलावा दूसरे फसल में इस तकनीक को आपनाकर फसल की उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि हो सके।

## मोबाइल पर लिंक भेज कर छात्र से की 72 हजार रुपये की ठगी

**कसडोल, 26 फरवरी।** बलौदाबाजार जिला कसडोल विकासखंड के ग्राम सोनाखान से बिलासपुर शहर में जाकर पढ़ने वाले एक छात्र के मोबाइल पर लिंक भेज कर 72 हजार रूपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। ट्रांजेक्शन के बाद मोबाइल पर आए मैसेज से छात्र को धोखाधड़ी की जानकारी हुई। बलौदाबाजार जिला कसडोल विकासखंड के अंतर्गत ग्राम सोनाखान के विकास कुमार पैकरा बिलासपुर में रह कर पीजीडीसीए की पढ़ाई कर रहा है, इन दिनों वह अपने गांव आया हुआ है। उसने अपने छोटे भाई के लिए ऑनलाइन ऑर्डर पर स्मार्ट वॉच और ईयर फोन मंगाया था। उसके मोबाइल पर 18 फरवरी 2023 को एक अनजान नंबर से कॉल आया। फोन करने वाले ने नाम पता पूछने के बाद बतलाया कि उसके पार्सल को कंपनी ने रोक दिया है। इस पर उसने इंटरनेट से कंपनी का कस्टमर केयर नंबर निकाला। इंटरनेट से निकाले गए कंपनी के नंबर पर कॉल करके उसने अपने आर्डर के संबंध में बातचीत की। इस पर विकास के मोबाइल पर एक लिंक भेजा गया। इसमें उस ( विकास कुमार पैकरा) ने शिकायत दर्ज करने की कोशिश की। दूसरे दिन उसके मोबाइल पर बैंक ट्रांजेक्शन का मैसेज आया। उसके खाते से 72 हजार रुपये पार कर दिए गए थे। भारतीय रिजर्व बैंक के द्वारा लगातार लोगों को टीवी और समाचार पत्र के माध्यम से चेतावनी दी जाती है कि किसी भी कंपनी या बैंक का मोबाइल नंबर गूगल से सर्च कर नहीं निकाले। बैंक के कस्टमर केयर का मोबाइल नंबर आपके एटीएम के पीछे में लिखा रहता है। फिर भी लोग गूगल में कस्टमर केयर का नंबर सर्च करते हैं और धोखाधड़ी के शिकार होते हैं। पढ़े-लिखे लोग जब इस चेतावनी की अनदेखी करते हैं तो कम पढ़े लिखे को क्या कहा जा सकता है इंटरनेट पर फर्जी वेबसाइट की भरमार है। बड़ी कंपनी और वित्तीय संस्थाओं के नाम से मिलती-जुलती वेबसाइट भी इंटरनेट पर है। इसके कारण लोग आए दिन धोखाधड़ी के शिकार हो रहे है। बीते दिनों इसी तरह का एक मामला कटगी क्षेत्र से आया था। बटालियन के एक रिटायर्ड जवान ने इंटरनेट से नंबर निकालकर अपनी पेंशन से संबंधित बात की। इसके कुछ देर बाद ही उसके बैंक खाते से रुपए पार हो गए थे।

## हितग्राहियों का ऋण स्वीकृत करने की तय हो समय सीमा:कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 26 फरवरी।** कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय परामर्शदात्री (डीएलसीसी) की बैठक ली। उन्होंने सभी बैंकर्स से कहा कि शासन द्वारा लोगों के हितार्थ के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। योजनाओं का प्राथमिकता से क्रियान्वयन होने और जरूरतमंद हितग्राहियों को समय पर ऋण उपलब्ध होने से उनके कार्यों को गति मिलती है। समय पर हितग्राही को ऋण स्वीकृत होने से वे आर्थिक लाभ अर्जित कर आजीविका संचालित करने के साथ ही स्वावलंबी बनते हैं। उन्होंने कहा कि बैंकर्स सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए सभी छोटे-छोटे प्रकरणों को अविलंब निराकृत करें, ताकि शासन द्वारा संचालित योजना का लाभ पात्र हितग्राहियों को मिल सके। इसके लिए उन्होंने सभी बैंकर्स को ऋण प्रकरणों के निराकरण की एक समय-सीमा तय करने के निर्देश दिए। जिसके आधार पर बैंकों द्वारा ऋण स्वीकृत किए जाने की समीक्षा की जाएगी। इस दौरान उन्होंने पीएनबी द्वारा महिलाओं के लिए जारी ऋण प्रतिशत में कमी पाये जाने पर गहरी नाराजगी जतायी। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री अबिनाश मिश्रा भी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री सिन्हा ने बैठक में सभी बैंकर्स को अपने लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने जिले के दूरस्थ अंचल धरमजयगढ़, लैलूंगा, तमनार एवं घरघोड़ा वाले क्षेत्रों को फोकस करते हुए वहां वित्तीय पहुंच सुनिश्चित करने एवं बैंक सखियों की संख्या बढ़ाने तथा उन्हें स्वाईप मशीन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए ताकि वहां लोग आसानी से राशि आहरित कर सकें। कलेक्टर ने सभी बैंकर्स को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी पात्र हितग्राहियों को योजना अंतर्गत ऋण स्वीकृति दें। उन्होंने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की ऋण स्वीकृति की समीक्षा की तथा शीघ्रता से मामलों को निराकृत करने के लिए कहा। कलेक्टर श्री सिन्हा किसान क्रेडिट कार्ड के संबंध में चर्चा करते हुए शत-प्रतिशत किसानों का केसीसी कार्ड बनाने हेतु निर्देशित किया। उन्हें कहा कि केसीसी के लिए कौन-कौन से डाक्यूमेन्ट चाहिए होते है इसकी एक स्पष्ट गाईड लाईन बताकर विभागीय अधिकारियों को बताये, जिससे फार्म के साथ सभी दस्तावेज लगाकर जमा किये जा सके व ऋण स्वीकृति की प्रक्रिया तेजी से पूरी हो। इसके लिए बैंकर्स को एक समय-सीमा भी तय करने के लिए कहा। उन्होंने विशेष रूप से कृषि सेक्टर जैसे पशुपालन, मछलीपालन हेतु हितग्राही के लिए ऋण में प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना स्टैंड अप इंडिया योजना की उपलब्धि की समीक्षा करते हुए कहा कि यह योजना युवाओं के लिए रोजगार का सृजन करने में मदद करता है। योजना अंतर्गत पात्र युवाओं के ऋण भी स्वीकृत करें।

## समाचार संक्षेप

### जवानों की शहादत पर भाजपाइयों ने कोंटा में निकाला कैंडल मार्च

**कोंटा 26 फरवरी (तरुण छीसगढ़ संवाददाता)।** आज सुबह जगरगुंडा इलाके में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में तीन जवान शहीद होने पर भाजपाईयों ने अर्पित की विनम्र श्रद्धांजलि व शहीदों को किया शत शत नमन भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे पहुंचे कोंटा जवानों के शहादत पर दी विनम्र श्रद्धांजलि इस दौरान मंडल अध्यक्ष साई रेड्डी, व सुभाष चतुर्वेदी, सेमल नरेश, वेंकटरामना रेड्डी, पी विजय, नीली सतीश, मड़कम बाबूराव, राफ खान, उदय राज सिंह, रामलूअम्मा व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पुलिया बनाने की मांग



**सुकमा, 24 फरवरी (तरुण छीसगढ़ संवाददाता)।** कुन्ना का पारा कोर्मा गुण्डी में 113 घर है। वहीं सरपंच का निवास है। वहीं एक नाला है जिससे बारिश में मार्ग जाम हो जाता है। आने-जाने का मार्ग बंद हो जाता है। इस नाला के पास प्रधानमंत्री रोड बना है पर सीसी रोड नहीं बना है। केवल मिट्टी भराई हुई है। इस मार्ग से लखापाल 2 किमी है। इसी मार्ग से डन्वा पंचायत जाते हैं।बारिश में विकास रूक जाता है। सदस्य ने पुलिया की मांग विधायक कवासी लखमा से की है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने दांडी यात्रा निकाल कर अपना हक मांगा



**बीजापुर 26 फरवरी।** आज आँगन बाड़ी कार्य कर्ता और सहायिका सघ के 6 सूत्रीय माँगो को लेकर हड़ताल का 33 वा दिन हो चुका है भुपेस् सरकार हम सेविकाओ को भूल चुकी है आज महात्मा गांधी जी के सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चल कर दांडी यात्रा निकाली गई और सरकार तक सूचना पहुँचाया गया की आपने सत्य का मार्ग अपना कर जो चुनावी वादा किया था उसे शीघ्र पूरा कर दीजिये और हमे खुशी खुशी केंद्र जाने दीजिये अगर मांगे पूरी नही होती है तो ये हड़ताल जारी रहेगी बीजापुर।

### पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ने पीएम मोदी के मन की बात को सुनी



**कवर्धा 26 फरवरी।** पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष देव कुमारी चंद्रवंशी ,नेता प्रतिपक्ष नगर पालिका कवर्धा एवं प्रदेश कार्य समिति सदस्य भाजयुमो उमंग पांडेय सहित कई लोगो ने पीएम मोदी के मन की बात को सुनी।

### उमंग की सक्रियता के कारण वार्ड-3 निवासी अंजली को मिली ट्राई सायकिल



**कवर्धा 26 फरवरी।** नर सेवा ही नारायण सेवा है । नेता प्रतिपक्ष उमंग पांडेय की सक्रियता के कारण वार्ड 3 में बहन अंजली साहू को ट्राई सायकल मिली । अंजली साहू के चेहरे पर ट्राई सायकल पाते ही उनके चेहरे पर मुस्कराहट दिखी । ट्राई सायकल वितरण कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग के अधिकारी एवं अशोक साहू रामविलास चंद्रवंशी उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री के साथ सिरपुर पहुंचे सांसद राहुल गांधी

महासमुंद 26 फरवरी। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के साथ सांसद श्री राहुल गांधी, श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा ने आज महासमुंद जिले के ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक महत्व के स्थल सिरपुर का भ्रमण किया। सांसद श्री राहुल गांधी एवं श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा ने विश्व प्रसिद्ध लक्ष्मण देवालय मंदिर का दर्शन किया। उन्होंने सुरंग टीला और तिवरदेव बिहार का भी भ्रमण किया। इस दौरान सांसद श्री राहुल गांधी ने तिवर देव बिहार के पास पटेल परिवार से भी मुलाकात की। गौरतलब है कि सिरपुर महानदी के तट स्थित एक पुरातात्विक स्थल है। इस स्थान का प्राचीन नाम श्रीपुर है। यह एक विशाल नगर हुआ करता था। सिरपुर पांचवी से आठवीं शताब्दी के मध्य दक्षिण कोसल की राजधानी थी। सिरपुर में सांस्कृतिक एवं वास्तुकौशल की कला का अनुपम संग्रह हैं। सोमवंशी नरेशों ने यहाँ पर राम मंदिर और लक्ष्मण मंदिर का निर्माण करवाया था।



**भिलाई 26 फरवरी।** आज लगभग 1:00 बजे बस में कांग्रेस के कार्यकर्ता गण रैली में शामिल होने रायपुर जा रहे थे की पुरानी भिलाई थाना अंतर्गत जी रोड में बस क्रमांक सीजी 07 एल वाई 9700 का चालक सामने चल रही बस को ठोकर मार दिया जिससे बस में सवार 40 व्यक्तियों में से 15 16 को सामान्य छोटे आई है जिन का इलाज सनशाइन अस्पताल में चल रहा है ,आगे कार्यवाही की जा रही है।

# स्कूल परिसर में पीडीएस भवन निर्माण का ग्रामीणों ने किया विरोध, रोक लगाने कलेक्टर से की मांग

## कसडोल विधायक एवं संसदीय सचिव शकुंतला साहू ने जानबूझकर किया है भूमिपूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कसडोल, 26 फरवरी।** बलौदाबाजार जिला कसडोल विधानसभा के अंतर्गत ग्राम पंचायत बगार ( बोरसी ) में विगत दिनों कसडोल विधायक एवं संसदीय सचिव सुश्री शकुंतला साहू के द्वारा शासकीय उचित मूल्य की दुकान के लिए भवन निर्माण हेतु भूमि पूजन की थी, जिसका ग्रामीणजनों द्वारा अब भवन निर्माण स्थल को लेकर विरोध पर उतर आए हैं।

ग्राम प्रबंधन समिति बगार (बोरसी) की अगुवाई में ग्रामीणों नें उक्त पीडीएस दुकान के भवन निर्माण को तत्काल बंद कर अन्यत्र निर्माण कराए जाने की मांग बलौदाबाजार जिलाधीश से की है साथ ही मुख्यमंत्री, सहकारिता मंत्री, मुख्य सचिव एवं जिला शिक्षा अधिकारी को भी प्रतिलिपि प्रेषित की है। ग्रामीणजनों का कहना कि ग्राम पंचायत बगार (बोरसी) में कसडोल विधायक एवम् संसदीय सचिव सुश्री शकुंतला साहू द्वारा दिनांक 17 जनवरी 2023 को शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय के स्कूल परिसर में ही पीडीएस भवन हेतु भूमि पूजन किया गया था। जिसे लेकर अब ग्राम पंचायत बगार (बोरसी) के ग्रामीणजनों को आपत्ति है।

ग्रामीणजनों का कहना है कि हमें ग्राम के विकास पर आपत्ति नहीं है और ना ही हम लोगों द्वारा कभी भी विकास के कार्यों का विरोध किया गया है। पर अब चूंकि बात विद्यार्थियों के हित की है, विद्यालय जो कि चारों तरफ से अहाता निर्माण से सुसज्जित है। जहां हमारे बच्चे विद्या अध्ययन हेतु जाते हैं और यदि उस विद्यालय परिसर के अंदर पीडीएस भवन का निर्माण किया जाता है तो विद्यार्थियों की शिक्षा अध्ययन प्रभावित होगी और उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। शिक्षकों को भी शिक्षकीय कार्यों को सुचारु रुप से संचालित करने में भी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। क्योंकि जिस पीडीएस भवन निर्माण के लिए, भूमि पूजन कसडोल विधायक एवं संसदीय सचिव सुश्री शकुंतला साहू के द्वारा 17 जनवरी 2023 को किया गया है, वह भवन आम जनता से संबंधित होने के कारण, स्कूल के अंदर लोगों का आना जाना लगा रहेगा। इससे विद्याध्ययनरत बच्चों पर मानसिक दबाव बढ़ेगा। जिससे उनकी शिक्षा का स्तर कमजोर होने की संभावना है। ग्राम पंचायत बगार (बोरसी) के कुछ लोगों द्वारा स्कूल के आसपास की खाली जगह को कब्जा कर निजी स्वार्थ के लिए उपयोग में लाया जा रहा है। इन अवैध कब्जों को हटाकर पीडीएस भवन का निर्माण करवाया जा सकता है। ग्रामीणजनों द्वारा ग्रामसभा के माध्यम से पीडीएस भवन निर्माण के लिए पूर्व में ही जमीन को चिन्हांकित किया जा चुका है।

गौर करने वाली बात यह कि कसडोल विधायक एवं संसदीय सचिव सुश्री शकुंतला साहू ने भी ध्यान दिए बगैर स्कूल परिसर के अंदर ही पीडीएस भवन हेतु आनन-फानन में भूमि पूजन कर दी जिसका ग्रामीणजनों द्वारा विद्यार्थियों के हित में अब विरोध करना पड़ रहा है। वास्तव में स्कूल परिसर के अंदर पीडीएस भवन का निर्माण कराया जाना कदापि उचित प्रतीत नहीं हो रहा है।

## परीक्षाओं के चलते 31 मई तक ध्वनि विस्तारक यंत्र रहेंगे प्रतिबंधित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**कसडोल, 26 फरवरी।** बलौदाबाजार - भाटापारा जिला के अंतर्गत कसडोल विधानसभा एवं पूरे जिले में विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में आयोजित परीक्षाओं के सुचारू रूप से संचालन एवं छात्र- छात्राओं की परीक्षाओं की तैयारी में कोई व्यवधान ना हो, इसे दृष्टिगत रखते हुए छत्तीसगढ़ कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत जिला दंडाधिकारी रजत बंसल ने 23 फरवरी 2023 से 31 मई 2023 तक जिला बलौदाबाजार- भाटापारा की सीमा के अंतर्गत बिना लिखित पूर्व अनुमति के ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग को प्रतिबंधित कर दिया गया है। उन्होंने इस आशय का एक आदेश भी जारी कर दिया है। इसके अनुसार विशिष्ट परिस्थितियों एवं शासकीय कार्यों के लिए ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग की अनुमति सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों एवं उपरोक्त अधिनियम में उल्लेखित शर्तों के अंतर्गत जिला मुख्यालय में अनुविभागीय दंडाधिकारी बलौदाबाजार, जिले के अन्य अनुविभाग मुख्यालय की तहसील में अनुविभागीय दंडाधिकारी द्वारा तथा अनुविभाग मुख्यालय से भिन्न तहसील में तहसीलदार एवं कार्यपालक दंडाधिकारी द्वारा दी जा सकेगी। लेकिन किसी भी परिस्थितियों में रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे के बीच की अवधि के लिए नहीं दी जा सकेगी। लाउडस्पीकर/ध्वनि विस्तारक यंत्र या अन्य ध्वनि उत्पन्न करने वाले यंत्र का उपयोग सार्वजनिक स्थलों पर किया जा रहा हो तो उसकी सीमा उस क्षेत्र के परिवेशीय ध्वनि पैमाने से अधिक नहीं होनी चाहिए।

बिना लिखित पूर्व अनुमति के ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जाएगी। बोर्ड परीक्षा के प्रारंभ होने से पूर्व बलौदाबाजार जिला समेत, समूचे जिले में खुलेआम डीजे तथा लाउडस्पीकर का उपयोग किया जा रहा है जिससे परीक्षार्थियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। परीक्षार्थियों की समस्या को हमने अपने दैनिक समाचार पत्र के 12 फरवरी 2023 के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया था। दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित समाचार तथा परीक्षार्थियों की समस्या को देखते हुए जिला दंडाधिकारी ने आज दिनांक 25 फरवरी 2023 दिन शनिवार को आदेश जारी कर दिया है जिससे पालकों तथा परीक्षार्थियों ने राहत की सांस ली है।

# श्री बैकुंठेश्वर मंदिर का मनाया गया स्थापना दिवस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा नेवरा,** 26 फरवरी। तिल्दा नेवरा अल्ट्राटेक बैकुंठ सीमेंट वर्क्स मे श्रीबैकुंठेश्वर मंदिर की स्थापना 24 फरवरी 1985, दिन-रविवार को किया गया था। जिसका स्थापना दिवस प्रतिवर्ष मनाया जाता है। इस वर्ष भी श्री बैकुंठेश्वर मंदिर समिति एवं अल्ट्राटेक बैकुंठ सीमेंट वर्क्स प्रबंधन के संयुक्त तत्वावधान में यहां के सुप्रसिद्ध श्री बैकुंठेश्वर मंदिर का स्थापना दिवस हर्षोल्लास भक्ति भाव, अखंड दो दिवसीय रामायण, भजन-कीर्तन, नवग्रह वृक्षारोपण व भोग-भंडारे के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पूरे मन्दिर परिसर को आकर्षक तरीके से सजाया गया था। मंदिर में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इस अवसर पर शाम 4 बजे बच्चों के द्वारा श्री रामदरबार की झांकीया प्रस्तुत किया गया। जिसमे श्रीराम और माता सीता को रथ पर सुसज्जित किया गया था। साथ ही यहां के कालोनीयो मे निवासरत महिलाओं के द्वारा कलशयात्रा निकाला गया। रथ और कलशयात्रा श्रीहनुमान मंदिर से प्रस्थान कर, श्री बैकुंठेश्वर मंदिर मे समाप्त हुआ।इस अवसर पर प्रमुख रूप से कारखाना प्रमुख देबनाथ गुहा के साथ प्रमुख अधिकारी के एन वी मूर्ति, बी पी मिश्रा, उदय लाल, सोम दत्त, आमिया द्विवेदी और सभी विभागाध्यक्ष, विकास वर्मा, रूपेन पटनायक के साथ साथ महिलाये एवं बच्चे शामिल थे।

**ग्रामीण वंचित, नहीं बुलाया गया :** मंदिर में इस बार स्थापना दिवस पर आस पास के ग्रामीण नही पहुंचे। कारण देखा जाए तो लोगो के लिय घूमने का स्थान बंद कर दिया गया। इस कारण अब दूर दराज से लोग मंदिर नही आते सीमेंट प्लांट में झरना गार्डन आदि बंद कर दिया गया बताया जाता है अल्ट्राटेक ने सेंचुरी को खरीदने के बाद। पहली बार मंदिर में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## एक नजर

### साहू संघ ने दुर्घटना पीड़ित परिवार के लोगों से मिल संवेदना व्यक्त की

**भाटापारा, 26 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पूर्व विधायक एवं तहसील साहू संघ के अध्यक्ष चैतराम साहू तहसील उपाध्यक्ष भरत साहू, तहसील उपाध्यक्ष प्रतिनिधि कमलेश साहू, मोपर परिक्षेत्र अध्यक्ष कुलेश्वर साहू, नगर अध्यक्ष नारायण साहू, सिंगारपुर परिक्षेत्र अध्यक्ष तिहारू साहू, आदि लोग सिमगा ब्लाक के ग्राम खिलौरा पहुंचे और समस्त प्रकोष्ठ एवं क्षेत्र के समस्त साहू परिवार की ओर से सडक दुर्घटना के पीडित परिजनो से भेंट कर संवेदना व्यक्त कर शोक प्रगट किया और पचास हजार रूपये की सहायता राशि पीडित परिवारो को दी गई।

### लूटपाट के मामले में तीन अपचारी बालकों को पकड़ने में बस्तर पुलिस को मिली सफलता

**जगदलपुर, 26 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह मीणा के नेतृत्व में बस्तर पुलिस द्वारा आपराधिक तत्वों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। इसी तारतम्य में बस्तर जिले में सिटी कोतवाली क्षेत्र धरमपुरा नंबर 01 बाजार में हुये लुटपाट के आपराधिक वारदात को अंजाम देकर फरार अपचारी बालकों पर कार्यवाही करने में बस्तर पुलिस को सफलता मिली है। ज्ञात हो कि दिनांक 16.02.2023 के रात्रि 20:00 बजे प्रार्थी बंशी कश्यप अपने आटो में बैगन भरकर, कुड़कानार होते हुये जगदलपुर संजय मार्केट आ रहा था। तभी धरमपुरा नंबर 01 बाजार के पास, मोटर सायकल सवार तीन व्यक्तियों ने आटो को रोका और एक व्यक्ति ने चाकू दिखाकर प्रार्थी के पेंट जेब में हाथ डालकर रखे 10, 000/-रूपये को लूट लिये और हाथ थप्पड़ से मारपीट कर तीनो फरार हो गये थे जिस पर प्रार्थी के रिपोर्ट पर धारा 394, 34 भादवि0 का अपराध पंजीबद्ध कर, अनुसंधान में लिया गया। प्रकरण में उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह मीणा, अति. पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता पॉल के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली एमन साहू, के नेतृत्व में टीम गठित किया गया। उक्त टीम के द्वारा प्रार्थी के बताये अनुसार मोटर सायकल में सवार तीनो आरोपियों के अनुमानित गाड़ी नंबर एवं कालीपुर की ओर भागे जाने के आधार पर, शहर में लगे सीसीटीव्ही फुटेजो, आसपास के लोगो के माध्यम से बारिकी से खोजबीन किया गया।

### दो आरोपी मोटरसाइकिल से शराब परिवहन करते गिरफ्तार

क्षेत्र में अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने हेतु वरिष्ठ अधिकारियों केद् निर्देश एवं मार्गदर्शन में आज दिनांक के 23-2-2023 को मुखबिर सूचना पर ग्राम हिर्मी के पास आरोपी गण द्वारा अवैध रूप से मोटर साईकिल से शराब परिवहन करते पकड़ कर आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(2 )अबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया उक्त कार्यवाही में प्रधान आरक्षक 930 मंगलदास घृतलहरे आरक्षक 740, 915 का विशेष योगदान रहा। आरोपियों के नाम संतोष गायकवाड पिता इतवारी राम गायकवाड उम्र 40 वर्ष साकिन पेंड्री, खेमलाल डहरिया पिता हीरा सिंह डहरिया उम्र 29 वर्ष साकिन कुथरौद एक मोटरसाइकिल सहित 35 पाव देसी मदिरा मसाला शराब।।

## समाचार संक्षेप

### बोर्ड परीक्षाओं के चलते 31 मई तक ध्वनि विस्तार यंत्रों का प्रयोग निषेध, कलेक्टर ने जारी किया आदेश

**बलौदाबाजार, 26 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा अंतर्गत विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में आयोजित परीक्षाओं के सुचारू रूप से संचालन एवं छात्र-छात्राओं की परीक्षाओं की तैयारी में के व्यवधान ना हो इसे दृष्टिगत रखते हुए छत्तीसगढ़ कोलाहल नियंत्रण अधिनियम, 1985 की धारा 04 के तहत जिला दंडाधिकारी रजत बंसल ने 23 फरवरी 2023 से 31 मई 2023 तक जिला बलौदाबाजार-भाटापारा की सीमा के अंतर्गत बिना लिखित पूर्वानुमति के ध्वनि विस्तार यंत्रों के प्रयोग को प्रतिबंधित किया है। इस आशय उन्होंने आदेश भी जारी किया। इसके अनुसार विशिष्ट परिस्थितियों एवं शासकीय कार्यों के लिए ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग की अनुमति माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों एवं उपरोक्त अधिनियम में उल्लेखित शर्तों के अंतर्गत जिला मुख्यालय में अनुविभागीय दंडाधिकारी बलौदाबाजार एवं जिले के अन्य अनुविभाग मुख्यालय की तहसील में अनुविभागीय दंडाधिकारी द्वारा तथा अनुविभाग मुख्यालय से भिन्न तहसील में तहसीलदार एवं कार्यपालिक दंडाधिकारी द्वारा दी जावेगी, लेकिन यह अनुमति किसी भी परिस्थितियों में रात्रि 10.00 बजे से प्रातः 6.00 बजे के बीच की अवधि के लिए नहीं दी जा सकेगी। लाऊड स्पीकर या ध्वनि विस्तारक यंत्र या अन्य ध्वनि उत्पन्न करने वाले यंत्र का उपयोग सार्वजनिक स्थलों पर किया जा रहा हो तो उसकी सीमा उस क्षेत्र के परिवेशीय ध्वनि पैमाने से 10 डी.बी.(ए) से अधिक नहीं होना चाहिए या 75 डी.बी.(ए).से अधिक नहीं अथवा इनमें से जो भी कम है, से अधिक नहीं होना चाहिए।बिना लिखित पूर्वानुमति के ध्वनि विस्तार यंत्रों का प्रयोग करने वालों के प्रयोग कर विरूद्ध नियमानुसार कड़ी (जब्ती, जुर्माना आदि) की जा जाएगी।

### राष्ट्रीय अध्यक्ष व सोनिया, राहुल, प्रियंका गांधी, भूपेश बघेल ने कार्यकर्ताओं को दी नयी ऊर्जाः माहेश्वरी

**भाटापारा, 26 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 85वें अधिवेशन छत्तीसगढ़ की धरती पर हुई। यह प्रदेश के कांग्रेस और यहां के कार्यकर्ताओं के लिए गर्व की बात है। प्रदेश काग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी ने बताया कि अधिवेशन के मंच से प्रमुख 6 प्रस्ताव पारित किए गये। राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी, युवा आईकान राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, छत्तीसगढ़ की प्रभारी कुमारी सैलजा, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पीसीसी अध्यक्ष मोहन मरकाम सहित अन्य प्रमुख नेताओं ने छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश के कार्यकर्ताओं को उर्जा दिया है, इससे कार्यकर्ताओं में नया जोश है। वे यहां से जाकर विधानसभा चुनाव 2023 और लोकसभा चुनाव 2024 में की तैयारी में काम करेंगे। अधिवेशन में कार्यकर्ताओं को सोनिया गांधी के बलिदान का वीडियो देखने को मिला। यूपीए सरकार की बनाई योजना को समझने का मौका मिला, आम आदमी को 2004है। यूपीए सरकार में मिले अधिकार को जानने का उन्हे एक बार फिर मौका मिला। देश में एक बार फिर लड़ाई लड़ने की जरुरत है, नफरत की राजनीति जो देश में चल रही है उसे तोड़कर भारत को जोड़ना होगा। कांग्रेस ने भारत को आजाद कराया और उसका संविधान बनाकर लोकतांत्रिक गणराज्य बनाया। जबकि भाजपा लोकतंत्र को खत्म कर देश को कुछ उद्योगपतियों से गुलाम कराने के लिए है। जन सेवक बनकर चुनाव में आए थे और अब नरेंद्र मोदी तानाशाह बन चुके हैं। भाजपा देश भक्ति, राष्ट्रवाद के नाम पर लोगों को लड़ाकर सत्ता की व्यवस्था करने वाली पार्टी है। भाजपा का डीएनए गरीब के खिलाफहै। चीन आज देश में घुसकर सड़क, पुल और घर बना रहा है, प्रधानमंत्री उसे क्लीन चिट दे रहे हैं। विदेश मंत्री कह रहे हैं हम चीन से नहीं लड़ सकते क्योंकि वह हमसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। 56 इंच का सीना तो तब माना जाएगा जब वे अप्रैल 2020 की स्थिति निर्मित कर दें। माहेश्वरी ने बताया कि कांग्रेस ने अपने संविधान में बदलाव करते हुए अनुसूचित जाति, जनजाति, अल्पसंख्यक के लिए आरक्षण 33 फीसदी से बढ़ाकर 50 फीसदी कर दिया है। पीसीसी, एआईसीसी और सीडब्ल्यूसी के लिए पदें बढ़ाई गयी है। साथ ही सभी वर्ग में 50 फीसदी भागीदारी 50 साल तक के युवाओं और महिलाओं के लिए तय किया गया है। साथ ही 1 जनवरी 2025 से पेपर में सदस्यता नहीं बनाएंगे, सब आनलाइन होगा। थर्ड जेंडर को पार्टी से जोड़ा जाएगा और पार्टी के फार्म में पिता के साथ, मां का नाम, पत्नी का नाम लिखा जाएगा। अब 6 पीसीसी सदस्य पर 1 एआईसीसी सदस्य चुने जाएंगे।

### 28 फरवरी से मनाया जाएगा शिशु संरक्षण माह, 1 मार्च से मिशन परिवार विकास पखवाड़ा की होगी शुरुआत



**बलौदाबाजार, 26 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में सकल प्रजनन दर कम करने के उद्देश्य से शासन द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनरूप स्वास्थ्य विभाग द्वारा मिशन परिवार विकास पखवाड़ा 1से 15 मार्च के तक मनाया जाएगा। इसके साथ ही 28 फरवरी से 31 मार्च तक चलने वाले शिशु संरक्षण माह हेतु आवश्यकता पड़ने पर अंतर्विभागीय समन्वय की स्थापना भी की जाए. कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों की अधिकतम प्राप्ति हेतु सूक्ष्म कार्य योजना बना कर प्रयास होना चाहिए। इसके अंतर्गत दंपत्ति संपर्क पखवाड़ा एवं सेवा प्रदाय ये दोनों ही कार्यो का क्रियान्वयन अच्छे तरीके से सुनिश्चित किया जाए। उक्त निर्देश कलेक्टर रजत बंसल द्वारा बैठक के दौरान स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभाग प्रमुखों को दिए है। शिशु संरक्षण माह के संबंध में जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर ने बताया की शिशु संरक्षण माह विटामिन ए अनुपूरक कार्यक्रम के अंतर्गत 9 माह से 59 माह तक के शिशु को विटामिन ए सिरप जबकि 6 माह से 59 माह तक के बच्चों को आई एफए सिरप की खुराक भी दी जाएगी। इसके साथ ही माता-पिता को बच्चों के पोषक आहार के सम्बंध में बताया जाएगा तथा कुपोषित बच्चों की पहचान कर पोषण पुनर्वास केंद्रों में भेजा जाएगा। जबकि मिशन परिवार पखवाड़े के अंतर्गत जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा जैसी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

## मोहारा थाना डोंगरगढ़ क्षेत्र के ग्राम करेला जुगुल तालाब में हुए अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में पुलिस को मिली कामयाबी

# पड़ोसी ने ही शौच के लिए गए युवक की कुल्हाड़ी मारकर की थी हत्या

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**डोंगरगढ़/मोहारा, 26 फरवरी।** पार्किंग में ठेका लेने की होड़ में विवाद की पुरानी रंजिश के चलते ग्राम करेला में शौचा के लिए गए युवक की हत्या के मामले में आरोपी को पकड़ने में पुलिस को सफलता प्राप्त हुई है. पुलिस से प्राप्त जानकारी में बताया गया कि प्रार्थी रामचंद यादव पिता गुहाराम यादव उम्र 47 साल साकिन ग्राम करेला पुलिस चौकी मोहारा थाना डोंगरगढ़ जिला के.सी.जी. ने दिनांक 21 फरवरी को घटनास्थल मौका ग्राम करेला जुगुल तालाब में रिपोर्ट दर्ज कराया की प्रार्थी का पुत्र योगेश यादव पिता रामचंद यादव उम्र 28 साल साकिन करेला पुलिस चौकी मोहारा को दिनांक 2. फरवरी के शाम करीबन .6:.. से रात्रि .8:3. बजे के मध्य कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा धारदार वस्तु से गला, सिर, पेट में चोट पहुंचाकर हत्या कर दिया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर मौके पर मर्ग कायम कर प्रथम दृष्टया हत्या का मामला पाये जाने से अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 111/2.23 धारा 3.2 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये अंधे कत्ल की सूचना वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ प्रभात पटेल को दी गयी जिस पर पुलिस अधीक्षक महोदय के दिशा निर्देश पर अति. पुलिस अधीक्षक, एसडीओपी घटना स्थल पर फोरेंसिक टीम, डाग स्काड के साथ पहुंचे आवश्यक मार्ग दर्शन पर थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र स्वर्णकार, चौकी प्रभारी मोहारा, चौकी प्रभारी चिचोला व सायबर सेल की टीम के द्वारा अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने के लिये आस पास के गांव के लोगो तथा मृतक के परिजनों से पूछताछ किया गया, एवं संदेहियों से कड़ाई से पूछताछ पर इस अंधेकत्ल की गुत्थी का खुलासा किया गया।

लगातार संदेहियों को तलब कर पूछताछ करने पर आरोपी डुमेश यादव पिता स्व. निर्भय यादव उम्र 23 सल साकिन ग्राम करेला पुलिस चौकी मोहारा थाना डोंगरगढ़ जिला खैरागढ़, छुईखदान, गण्डई द्वारा पिछले नवरात्रि के समय भवानी मंदिर में पार्किंग की बात को लेकर वाद-विवाद हुआ था, इसी बात को लेकर रंजिश व्याप्त था, जो घटना दिनांक को भी आरोपी डुमेश के द्वारा लगातार मृतक योगेश के दैनिक क्रियाकलाप को देखा जा रहा था, जब मृतक घर के पीछे तलाब की ओर शौच के लिये गया, तब सूनसान का फायदा उठाकर अपने पास रखे कुल्हाड़ी से ताबड-तोड़ सिर व पेट में वार कर हत्या कर दिया, जो आरोपी अपना जुर्म स्वीकार किया। आरोपी से पूछताछ व मेमोरंडम लिया गया, जिसने घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी को तालाब से बरामद कराया गया। आरोपी के विरूद्ध प्रयप्ति साक्ष्य सबुत पाये जाने से आरोपी को 25 फरवरी को गिरफ्तार किया गया है।

## गिरौदपुरी मेला में आकर्षण का केंद्र बनी जनसम्पर्क विभाग का फोटो प्रदर्शनी

# लोगों को मिल रही शासन की योजनाओं की जानकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बलौदाबाजार, 26 फरवरी।** राज्य शासन एवं कलेक्टर रजत बंसल के निर्देश पर गिरौदपुरी मेला गुरूदर्शन एवं संत समागम मेल को और अधिक आकर्षक एवं शासन की जनकल्याण कारी योजनाओं की जानकारी पहुँचाने के लिए जनसम्पर्क जनसंपर्क विभाग द्वारा फोटो प्रदर्शनी एवं वीडियो चलचित्र का आयोजन किया जा रहा है। जो की पूरे मेले का आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। जहां पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने प्रदर्शनी को देखकर सरहाना कर रहे है। इस प्रदर्शनी का सबसे बड़ा फायदा है यह कि पहले जहां एक ही गांव के लोगो को शासन की योजनाओं की जानकारी मिलती थी।।वह अब इस तरह के मेले में आयोजित होने से एक ही स्थान में बहुत से गांव के ग्रामीणों को जानकारी मिल रही हैं। फोटो प्रदर्शनी के माध्यम से ग्रामीणों को राज्य शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जिसमें राजीव गांधी किसान न्याय योजना, मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना, जल जीवन मिशन, सुराजी गांव नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी योजना, छत्तीसगढ़ महतारी दुलार योजना, गोधन न्याय योजना आदि की जानकारी दी गई। साथ ही विभाग द्वारा प्रकाशित जनमन पत्रिका, न्याय के रास्ते सबके वास्ते, न्याय के चार साल एवं अन्य प्रकार के ब्रोशर एवं पाम्पलेट का वितरण किया गया। प्रदर्शनी में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लेने एवं देखने पहुंचे कबीरधाम जिले अंतर्गत ग्राम बिरकोना निवासी अंजली रात्रे ने बताया कि गोधन न्याय योजना के अंर्तगत गोबर खरीदने का निर्णय अपने आप मे एक ऐतिहासिक कदम है। इससे गावों के बहुत से लोगों को अतरिक्त आय का अर्जन हो रहा है। इसी प्रकार एक मेला में आये जांजगीर चाँपा निवासी अवध राम कोशले ने प्रदर्शनी की प्रशंसा करते हुए बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2022-23में उनके द्वारा 20 क्विंटल धान का विक्रय किया गया है।

### तहसीलदार ने किया अवलोकन

इसके साथ ही मेला ड्यूटी में तैनात कसडोल तहसीलदार विवेक पटेल, लवन तहसीलदार सौरभ चौरसिया ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर कहा कि यह प्रदर्शनी बेहद ही उपयोगी है। इसमें राज्यशासन के फ्लैगशिप योजनाओं की उत्कृष्ट जानकारी प्राप्त होती है। यह प्रतियोगी छात्रों के लिए भी बेहद उपयोगी है। सभी ग्रामीणों को अवश्य इसका अवलोकन कर लाभ उठाना चाहिए। उक्त प्रदर्शनी का आयोजन 24 से 26 फरवरी तक किया जाएगा।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा, जिला-रायपुर (छ.ग.)

☎ 07721-233326, Email-npalika_tilda@yahoo.in

क्रमांक/1172/लो.नि.वि./न.पा./2022-23 तिल्दा-नेवरा, दिनांक 24.02.2023

### मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिका परिषद् तिल्दा-नेवरा सीमांतर्गत विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली में उचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से तीन लिफाफे पद्धति से शासकीय पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से उल्लेखित तिथि तक बंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि - 17.03.2023 समय 05.00 बजे तक।
निविदा प्रपत्र प्रदान करने की अंतिम तिथि - 20.03.2023 समय 05.00 बजे तक।
निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि - 23.03.2023 समय 03.00 बजे तक।
निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि - 23.03.2023 समय 04.00 बजे से।

| क्र. | कार्य का विवरण | निविदा की राशि (लाख) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र की मूल्य | कार्य पूर्ण होने का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | एनीकट स्थित 100 एच.पी. पंप का हेडर पाईप मरम्मत कार्य। | 2.50 | 2000/- | 750/- | 01 माह |
| 02 | वार्ड क्र. 22 फिल्टर प्लांट में स्टॉफ क्वाटर में अतिरिक्त कमरा निर्माण कार्य। | 3.05 | 2300/- | 750/- | 02 माह |
| 03 | पार्षद निधि अंतर्गत वर्ष 2022-23 की निधि से वार्ड क्र. 09 में बोर खनन कार्य। | 4.50 | 3375/- | 750/- | 01 माह |

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा**

## एक नजर

### विदेश यात्रा के नाम पर ठगी, रायपुर पुलिस ने धोखेबाज को किया गिरफ्तार

**रायपुर, 26 फरवरी।** विदेश यात्रा के नाम पर ठगी करने वाले फ्रॉड को रायपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है. जानकारी के मुताबिक प्रार्थी विरेश प्रताप सिंह ने थाना तेलीबांधा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह मैग्नेटो मॉल तेलीबांधा रायपुर के शॉप नं. 322 मे आप्टीमस फ्युचर केयर के नाम से ऑफिस संचालित करता है। दिनांक 01.12.2022 प्रार्थी को उसके मोबाईल फोन पर मोबाईल नं. 8871985479 के धारक सोहेल शेख द्वारा फोन कर संपर्क किया गया तथा अपने कम्पनी मे. लेट्स गो के माध्यम से विदेश यात्रा की व्यवस्था, टीकट की व्यवस्था एवं अन्य सहुलियते कम्पनी के माध्यम से मुहैया कराई जाती है कहा गया। जिस पर प्रार्थी ने अपनी बैंकॉक यात्रा हेतु विदेश यात्रा की व्यवस्था मुहैया कराने हेतु सोहेल शेख को कहा, जिस पर सोहेल शेख ने प्रार्थी को उक्त विदेश यात्रा हेतु 01 लाख रूपये एचडीएफसी बैंक के खाता क्रमांक 50200070392282 में स्थानांतरित करने हेतु कहा गया। जिस पर प्रार्थी द्वारा सोहेल शेख के उक्त बैंक खाते में एनईएफटी के माध्यम से 01 लाख रूपये स्थानांतरित किया गया किन्तु सोहेल शेख द्वारा प्रार्थी को रकम प्राप्त नही होना कहा गया जिसके बाद प्रार्थी ने पुनः सोहेल शेख के बताये उक्त खाते में 01 लाख रूपये स्थानांतरित किया। इस प्रकार प्रार्थी द्वारा सोहेल शेख को 02 लाख रूपये स्थानांतरित किये गये, जिस पर सोहेल शेख द्वारा प्रार्थी को 01 लाख रूपये की टिकट उपलब्ध कराया गया एवं प्रार्थी द्वारा सोहेल शेख से शेष 01 लाख रूपये मांगने पर उसके द्वारा प्राप्त नही होना कहा कहा गया, किन्तु जब प्रार्थी द्वारा बैंक स्टेटमेंट सोहेल शेख को दिखाया गया तो उसके द्वारा 01 लाख रूपये प्राप्त होना तथा नही दूंगा जो करना है कर लो कहा गया।

### सड़क हादसे में कांग्रेसी घायल

**रायपुर, 26 फरवरी।** रायपुर में आयोजित कांग्रेस के अधिवेशन के समापन के उपरांत आयोजित आमसभा में कार्यकर्ताओं को लेकर जा रही स्कूली बस दोपहर 1:00 बजे के करीब भिलाई 3 राष्ट्रीय राजमार्ग पर आगे चल रही बस को पीछे से ठोक दिया। जिससे बस में सवार 15 से 16 कार्यकर्ताओ को चोटे आई हैं जिनका उपचार भिलाई 3 सनशाइन हॉस्पिटल में जारी है पुलिस के अनुसार बस में सवार किसी भी कांग्रेसी कार्यकर्ता को गंभीर चोटें नहीं आई है बस में 40 से अधिक कांग्रेसी कार्यकर्ता सवार थे।

### श्री धर्मनाथ जिनालय एवं दादाबाड़ी में परमात्मा का जन्म कल्याणक महोत्सव



**रायपुर, 26 फरवरी।** श्री धर्मनाथ जिनालय एवं जिनकुशल सूरी दादाबाड़ी के 10 दिन चलने वाले इस महामहोत्सव में परमात्मा का च्यवन कल्याणक महोत्सव प्रातः 5.30 बजे दादाबाड़ी में प्रारम्भ हुआ ,इसमें सबसे पहले प्रतिष्ठाचार्य खरतरगच्छाधिपति आचार्य प्रवर श्री जिनमणि प्रभ सूरीश्वर से एवं खरतरगच्छाचार्य श्री जिन पियूष सागर सूरीश्वर की गिरु पूजा की गई। आचार्य भगवन्तो ने इंद्रा इंद्राणी एवं परमात्मा के माता पिता का विधान संपन्न करवाया। इन्द्राणी ने परमात्मा के च्यवन कल्याणक का विधान संपन्न किया। परमात्मा का च्यवन कल्याणक विधान प्रारम्भ होने के साथ परमात्मा च्यवनकर माता सुव्रता की कोख में आये एवं माता ने 14 महा मंगलकारी स्वप्न का दर्शन किया। प्रातः 10 बजे से इस च्यवन कल्याणक महोत्सव हेतु पूरी रतनपुरी नगरी सज गई एवं पूरे छत्तीसगढ़ का सकल जैन समाज इस परमात्मा कल्याण महोत्सव में भाग लेने उमड़ पड़ा। गुजरात एवं महाराष्ट्र से आये हुए कोरिओग्राफर के निर्देशन में रायपुर जैन समाज के लोगों ने स्टेज में इस कल्याणक का नाट्य मंचन किया ,इन्द्र का सिंहासन कम्पायमान होना, स्वपन्न पाठको दवारा शुभ स्वप्नों का फल बताना आदि नाट्य का मंचन बहुत ही अद्भुत रूप से कलाकारों द्वारा किया गया।




# खैर करे अब रब ही उसकी, जग को सच समझाने निकला एक सियासी चाल है समझो, घोड़ा घास बचाने निकला




महात्मा गाँधी के भारत छोड़ो से राहुल गाँधी की भारत जोड़ो यात्रा की टैग लाइन से कांग्रेस का 85वां राष्ट्रीय महाअधिवेशन छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में शुरू हो गया है।मंच में महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू, नेताजी सुभाषचंद्र बोस, बीआर अंबेडकर, सरदार वल्लभ भाई पटेल, मौलाना अबुल कलाम आज़ाद, इंदिरा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री, राजीव गांधी और मनमोहन सिंह की तस्वीरें लगाई गई हैं।कॉग्रेस का मंथन 26 फरवरी तक चलेगा। छ्ग के सीएम भूपेश बघेल/कॉग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम के आतिथ्य में महाधिवेशन ऐसे समय हो रहा है ज़ब कांग्रेस को कुछ ही महीनों के भीतर 6 राज्यों में विधानसभा चुनाव में अपनी खोई प्रतिष्ठा वापस पाने की कोशिश करना है तो अगले साल लोकसभा चुनाव में विपक्षी एकता बनाकर केंद्र की मोदी के नेतृत्व में बनी भाजपा से मुकाबला करना है। बहरहाल कांग्रेस अधिवेशन में अलग-अलग नेता अलग विषय पर अपना प्रस्ताव पेश करेंगे।राजनीति, अर्थशास्त्र, अंतरराष्ट्रीय मामलों,कृषि, सामाजिक न्याय और युवाओं के रोजगार से जुड़े मुद्दों पर चर्चा संभव है।कांग्रेस 2024 के लोकसभा चुनाव की रूपरेखा तय करने के उद्देश्य से ही कांग्रेस के मजबूत गढ़ छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में महाधिवेशन का आयोजन किया है ।इस बैठक में सिर्फ लोकसभा चुनाव ही नहीं बल्कि मल्लिकार्जुन खड़गे की टीम के गठन का भी खाका खींचा जाएगा।ऐसे में सभी की निगाहें इस बात पर थी कि कांग्रेस में सबसे 'पावरफुल' मानी जाने जाने वाली कार्य समिति यानी सीडब्ल्यूसी के लिए क्या 26 साल के बाद चुनाव होंगे या फिर मनोनयन ही किया जाएगाज..? पर स्टीयरिंग कमेटी की बैठक में तय हो गया कि सी डब्लू सी का मनोनयन होगा और जिम्मेदारी राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे पर डाली गई है।वहीं कॉग्रेस के संविधान में कुछ परिवर्तन करने की भी सहमति बनी है। वैसे कांग्रेस की तीन दिवसीय बैठक ऐसे समय हो रही है जब मध्य प्रदेश, कर्नाटक, राजस्थान और छत्तीसगढ़ जैसे अहम 6 राज्यों के विधानसभा चुनाव नजदीक हैं और अगले साल लोकसभा के चुनाव होने हैं. ऐसे में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सीडब्ल्यूसी के लिए चुनाव कराने का जोखिम भरा कदम नहीं उठा पाए ज?इधर राहुल गांधी पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं, ऐसे में सीडब्लूसी के चुनाव कराने की मांग पार्टी के अंदर से उठती रही है।इधर इन पंक्तिया के लिखे जाने तक कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गाँधी, राहुल गाँधी,राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, दिग्विजय सिंह,डॉ. ए चेल्ला कुमार, जयराम रमेश,पी चिदंबरम, राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत, हिमाचल के सीएम सुखविंदर सिंह सुकखु ,अजय माकन, अविनाश पाण्डेय, मुकुल वासनिक, रणदीप सिंह सुरजेवाला, तारिक अनवर, पीएल पुनिया, सुखजिंदर सिंह रंधावा, शक्ति सिंह गोहिल, डॉ रघु शर्मा,गायखंगम,हरीश रावत,जय प्रकाश अग्रवाल, बी मणिकम टैगोर, रघुवीर सिंह मीना, अधीर रंजन चौधरी, अभिषेक मनु सिंघवी, अंबिका सोनी, रजनी पाटिल, सलमान खुर्शीद, टी सुब्बारामी रेड्?डी, मीरा कुमार, छ्ग प्रभारी सुश्री शैलजा आदि अधिवेशन में शिरकत कर रहे हैं।

### कांग्रेस का अधिवेशन, ईडी और असम पुलिस?

छत्तीसगढ़ में पहली बार कांग्रेस का महाअधिवेशन हो रहा है और केंद्र सरकार की ईडी और असम राज्य सरकार की पुलिस की कार्यवाही की भी जमकर चर्चा है। अधिवेशन की जिम्मेदारी सम्हालने वाले कुछ कॉग्रेसी नेताओं के घर सहित सरकारी दफ़्तरों में ईडी के छापे को लेकर कॉग्रेस का अधिवेशन असफल करने का आरोप केंद्र की भाजपा सरकार पर लगाने से मुफ्त में प्रचार मिल गया। ईडी का छापा मरना नहीं इस समय मरना चर्चा में रहा तो पीएम नरेन्द्र मोदी के परिवार पर टिप्पणी करने के नाम पर रायपुर कॉग्रेस अधिवेशन में आ रहे पवन खेड़ा की गिरफ्तारी फिर सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत के एपीसोड से भी प्रचार प्रसार मिलाज अरे पवन खेड़ा विदेश तो भाग नहीं रहे थेज? पुलिस कार्यवाही बाद में भी की जा सकती थी खैर यह राजनीती ही तो है..?

### पूर्व आईएएस, रायपुर निगम और तेवर...



1987 बैच के आईएएस तथा मप्र से अतिरिक्त मुख्य सचिव के पद से सेवानिवृत मनोज श्रीवास्तव से रायपुर में करीब 30 साल बाद मुलाक़ात हुई, उनके तेवर वही दिखे जो रायपुर में अविभाजित मप्र के समय नगर निगम रायपुर के प्रशासक रहने के दौरान देखने मिले थे। रायपुर में नाली, नल के नाम पर शहर के अवैध कब्जे हटाने, सड़कों के चौड़ीकारण, टैक्स की समरुपता के लिये वे जाने जाते हैं। मुझे याद है कि निगम में विकलांग लोगों को नौकरी देने कुछ नामों की सिफ़रिश कर एक सूची एक बड़े कॉग्रेसी नेता ने उन्हें दी थी, मगर मनोज से अलसुबह रेलवे स्टेशन, बस स्टेण्ड में पहुंचकर वहाँ के कुछ गरीबों को लाकर नौकरी दे दी थी, जाहिर है कि नेता की सूची में से किसी को नौकरी नहीं मिली। उनके तेवर मप्र में बरकरार रहेज. केंद्र सरकार के लालबत्ती पर रोक लगाने के निर्णय के बाद मप्र कैडर के तब के 1989 बैच के अधिकारी और वाणिज्यिक कर विभाग के प्रमुख सचिव मनोज श्रीवास्तव ने अपनी फेसबुक वॉल पर एक पोस्ट चस्पा की थी । उन्होंने लिखा था कि 'बत्ती वैसे भी लगाने की नहीं, देने की चीज है।'एक और वाकियाज.हुआ यूं कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की नमामि देवी नर्मदा यात्रा के दौरान शराबबंदी की घोषणा पर कैबिनेट में बहस हुई थी । वर्ष 2016-17 की शराब नीति के प्रेजेंटेशन के दौरान आबकारी विभाग के प्रमुख सचिव मनोज श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री की घोषणा का जिक्र करते हुए बताया था कि '2016-17 के लिए नर्मदा किनारे की शराब की दुकानें बंद कर रहे हैं। इसी बीच तब के वनमंत्री गौरीशंकर शेजवार ने प्रतिक्रिया दी थी कि, उन्हें ऐसा लग रहा है कि दुकानें सिर्फ एक साल के लिए बंद की जा रही हैं। जबकि उन्हें हमेशा के लिए बंद होना चाहिए। यह सुनते ही मनोज श्रीवास्तव ने मंत्रीजी को तत्काल बत्ती दे डाली। उन्होंने कहा कि 'ऐसा सोचने वालों की बुद्धि पर तरस आता है।' यह सुनते ही मंत्रीजी नाराज हो गए लेकिन मनोज श्रीवास्तव बत्ती देने और गोटियां खेलने में शामिल रहे । बहरहाल करीब 30 साल बाद मनोज से मुलाक़ात हुई, काफ़ी पुरानी यादें ताज़ा हुई, उन्होंने कुछ पुराने पत्रकारों को भी याद किया। यहाँ यह बताना जरुरी है कि अपनी निगम पदस्थापना के दौरान ही उन्होंने प्रेस क्लब रायपुर को निगम द्वारा संचालित लायबेरी भवन भी सौपा था, जहाँ आजकल पत्रकार वार्ता होती है।

### ईडी की शरण में एक आईएएस और तीन आईपीएस...

छत्तीसगढ़ में कोयला स्केम के मामले के बाद कुछ अन्य मामलों को लेकर ईडी के निशाने पर कुछ कांग्रेसी नेता, विधायक,आईएएस तथा आईपीएस अफ़सर हैं, वैसे एक आईएएस तो जेल में है वहीं अभी आईपीएस का खाता नहीं खुला है? पर चर्चा है कि एक आईएएस तथा तीन आईपीएस ने कुछ पेजों का शपथपत्र देकर अपनी स्थिति साफ करने का प्रयास किया है पर ईडी और जानकारी चाह रही हैज? सूत्र कहते हैं कि ये अफ़सर सरकारी गवाह बनने इच्छुक हैं पर इस पर अंतिम निर्णय ईडी ही लेगी?

### और अब बस...

- नये राज्यपाल ने कार्यभार सम्हाल लिया है। अब आरक्षण मुद्दे पर उनके अगले कदम पर सभी की निगाह लगी है।
- जाते जाते पूर्व राज्यपाल ने रविवि के कुलपति की नियुक्ति कर ही दी।
- कांग्रेस अधिवेशन के बाद कुछ आईएएस, आईपीएस का तबादला तय माना जा रहा है।




# दो अघोषित शराब भट्ठियों पर पुलिस का शिकंजा, ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध बिक्री थमी

**रायपुर, 26 फरवरी।** मंदिरहसौद थाना क्षेत्र के ग्राम टेकारी से अवैध शराब बिक्री के खिलाफ शुरू हुआ अभियान अब खरोरा थाना क्षेत्र के ग्रामों में पहुंच गया है। विधानसभा नगर पुलिस अधीक्षक उदयन बेहार व खरोरा थाना प्रभारी बृजेश तिवारी के ध्यानाकर्षण के बाद खरोरा से अमेरी मुख्य सड़क मार्ग पर मुड़पार मोड़ पर गुमटी में व खरोरा से भड़हा सड़क का खौली से कोसरंगी सड़क मार्ग के मिलन स्थल पर एक आधे अधूरे निर्मित कमरे से चल रहे अघोषित भट्ठी पर थाना अमला ने अंकुश लगाने में सफलता हासिल की है।



ज्ञातव्य हो कि मदिरहसौद थाना क्षेत्र के ग्राम कठिया में चल रहे अघोषित भट्ठी से परेशान इससे लगे मंदिरहसौद व खरोरा थाना क्षेत्र के ग्रामों के ग्राम प्रमुखों व जागरूक ग्रामीणों की एक बैठक टेकारी में हुयी थी। इस बैठक के बाद ग्राम कठिया में आहूत बैठक में थाना प्रभारी विरेन्द्र चंद्रा ने कठिया सहित आसपास के ग्रामों से जुटे ग्रामीणों से सक्रिय सहयोग का आग्रह करते हुये इस पर रोक लगाने का आश्वासन दिया था। तब से इस ग्राम में फिलहाल अघोषित भट्ठी का माहौल दिखलायी नहीं पड़ रहा। इसी बैठक में आसपास के लगे खरोरा थाना क्षेत्र के ग्राम खौली, बुडेनी, असौदा व मुड़पार में भी असामाजिक तत्वों द्वारा अवैध शराब बेचने व मुड़पार तथा भडहा मोड़ पर सरेराह अघोषित भट्ठी चलने की जानकारी देते हुये इस पर रोक लगाने पुलिस प्रशासन का ध्यानाकृष्ट कराने का निर्णय लिया गया था। इस हेतु ज्ञापन तैयार कर हस्ताक्षर लेने की प्रक्रिया जारी ही थी कि इसी बीच जानकारी मिलने पर जहां इन ग्रामों के लिप्त असामाजिक तत्व सकते में आ गये थे वहीं खासकर दोनों मोड़ में चल रहे अघोषित भट्ठी बंद हो गया था। बीते कुछ दिनों से मुड़पार मोड़ में गुमटी से पुनः अघोषित भट्ठी शुरू हो जाने की शिकायत राहगीरों सहित प्रभावित ग्रामो के ग्राम प्रमुखों द्वारा किया जा रहा था। इस पर शराब विरोधी मुहिम में सक्रिय किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेन्द्र शर्मा ने बीते 20 फरवरी को बेहार व तिवारी को ज्ञापन सौंप इस ओर ध्यान आकर्षित करते हुये इस पर प्रभावी रोक लगवाने का आग्रह किया था। इसके बाद सक्रिय अमला ने यहां से अवैध शराब बिक्री पर अभी तक रोक लगा पाने में सफलता हासिल की है।

# सवारी ढो रहा मालवाहक पलटा, 40 से ज्यादा घायल, तीन की हालत गंभीर

**रायपुर, 26 फरवरी।** प्रदेश में सड़क हादसे का कहर जारी है। वहीं प्रदेश की राजधानी रायपुर के खरोरा क्षेत्र से एक खबर सामने आई है। आज सुबह यहां एक बड़ा हादसा हो गया। जिसमें ष्ट्ढरु बाड़ी में काम करने वाले मजदूरों से भरी गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में 40 से ज्यादा लोग घायल हो गए, जिनमें से तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



मिली जानकारी के मुताबिक आज सुबह जिले के खरोरा क्षेत्र में सीआईएल बाड़ी में काम करने वाले मजदूरों से भरी गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। दरअसल सीआईएल बाड़ी में बड़ी संख्या में आसपास के लोग काम करने के लिए आते हैं। वहीं उन्हें गाड़ी में भरकर अलग-अलग जगहों पर ले जाया जाता है। ऐसा ही कुछ आज रविवार को भी हुआ। लगभग 40 से 60 मजदूर एक ही गाड़ी में सवार थे। इसमें न केवल पुरुषों सवार थे, बल्कि महिलाएं भी बड़ी तादात में शामिल थीं। इस दौरान वे मुख्यमार्ग पर जा रही रहे थे कि तभी सामने से आ रहे किसी वाहन को बचाने के चक्कर में चालक का नियंत्रण गाड़ी से हट गया।

ऐसा होते ही गाड़ी असंतुलित हो गई। जिसके बाद गाड़ी सड़क किनारे जाकर पलट गई। इनमें बहुतों को सामान्य चोटें आई थीं, तो वहीं कुछ घायल भी हुए। ऐसा देख लोगों ने मौके पर एंबुलेंस बुलाया उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। बता दें कि कम क्षमता के इस मालवाहक गाड़ी में बड़ी संख्या में लोग सवार थे। ऐसे में जैसे ही ये घटना हुई, वे एक-दूसरे से भी टकराए , जिसके चलते 40 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। हालांकि तीन को छोड़ सभी को सामान्य चोटें ही आई हैं। जबकि गंभीर रूप से घायलों को भर्ती कर उपचार जारी है।

# मोबाइल फोन चार्ज में लगाकर खेल रहा था गेम, ब्लास्ट, घायल

**रायपुर, 26 फरवरी।** रायपुर से एक बड़ी खबर आई है। यहां 11 साल के आयुष खेस का स्मार्टफोन ब्लास्ट होने से गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में उनकी आंखों के कॉर्निया में गंभीर चोट आई है। परिजन उसे तुरंत अंबेडकर अस्पताल ले गए, जहां नेत्र रोग विभाग के डॉ. संतोष सिंह पटेल ने त्वरित ऑपरेशन कर उसे ठीक कर दिया। इस ऑपरेशन में डॉ. रेशु मल्होत्रा, डॉ. सुशील, डॉ. मोनिका, डॉ. वैभव, डॉ. साधना, डॉ. अंशु और डॉ. मधु शामिल थे। डॉ. संतोष सिंह पटेल के अनुसार स्मार्टफोन या मोबाइल का ब्लास्ट इतना ज्यादा ख़तरनाक रहा कि आंख की कॉर्निया की चोट को ऑपरेशन पश्चात ठीक किया गया परंतु गंभीर आंतरिक चोट के कारण एक आंख की रोशनी आ पाना अब बहुत मुश्किल है। गंभीर हादसे के कारण एक आंख की रोशनी ही बचायी जा सकी।

**मोबाइल चार्ज में रखकर खेल रहा था गेम:** नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना सर्जन डॉ. संतोष सिंह पटेल केस के संबंध में आगे की जानकारी देते हुए बताते हैं कि आयुष खेस एक 11 वर्षीय लड़के को उसके माता- पिता स्मार्टफोन विस्फोट की हिस्ट्री के साथ डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय के नेत्र रोग विभाग में लेकर आए। परिजनों के मुताबिक घटना उस समय घटी जब बच्चा 2 घंटे से ज्यादा समय तक फोन पर गेम खेल रहा था और और फोन चार्ज हो रहा था। उसके पिता ने जो मोबाइल खराब हो गया था उसको खेलने के लिए दे दिया था।

मोबाइल पहले स्थानीय बाजार से खरीदा था, हालाँकि, वह मोबाइल फोन या उसकी बैटरी के निमार्ता के बारे में नहीं जानते हैं। मरीज सीतापुर सरगुजा का रहने वाला है। घर पर 10 बड़े और 3 बच्चे हैं। किसान परिवार में सभी साथ



रहते हैं। मोबाइल ब्लास्ट की घटना के समय बच्चा अकेला था और लम्बे समय तक मोबाइल फोन को चार्ज में लगाकर गेम खेल रहा था। 12.02.2023 की शाम को 5 बजे की घटना के बाद उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीतापुर ले जाया गया। वहां प्रायमरी उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर रिफर कर दिया गया।

**मरीज के सीने-पेट-चेहरे-दाहिने हाथ में आई थीं कई चोटे:** वहां से डीकेएस अस्पताल रायपुर रिफर किया गया। वहां उपचार के पश्चात् चूँकि आंखों में चोट आई थी तो डिपाटर्मेंट ऑफ़ आप्थेल्मोलॉजी (नेत्र रोग विभाग) में 20 फरवरी को भेजा गया। मरीज के सीने, पेट, चेहरे और दाहिने हाथ में कई चोटे आई थीं इसलिए उन्हें तुरंत ऑपरेशन रूम में ले जाया गया। कॉर्निया की चोट को ऑपरेशन पश्चात ठीक किया गया परन्तु गंभीर आंतरिक चोट के कारण एक आंख की रोशनी आ पाना अब बहुत मुश्किल है। हालांकि एक आँख की ही रोशनी बचायी जा सकी। मरीज इस तरह से एक आंख और एक हाथ को खो चुका है। उसकी एक हाथ की कुछ उंगलियां ब्लास्ट में कट चुकी हैं।

डॉ. पटेल के अनुसार स्मार्टफोन के फटने या आग लगने का मुख्य कारण स्मार्टफोन का अत्यधिक गर्म होना है। ऐसे कई कारण हैं जिनकी वजह से स्मार्टफोन ज्यादा गरम हो सकते है। अत्यधिक गेमिंग और बहु कार्यण (मल्टीटास्किंग) के बाद स्मार्टफोन गर्म हो सकते हैं। कई जगहों से मोबाइल फोन के अचानक हाथ में या जेब में या कॉल रिसीव करने के बाद फटने की खबरें आती हैं इसे ही 'मोबाइल ब्लास्ट' या 'बॉम्बाइल' कहते हैं जिससे रोगी, परिवार के सदस्यों और समाज दोनों पर शारीरिक और मानसिक रूप से विनाशकारी परिणाम देखने को मिल रहे हैं।

**ब्लास्ट होने से ऐसे कर सकते हैं बचाव**

1 शारीरिक नुकसान से बचने के लिए फ़ोन केस का उपयोग करना।
2 अत्यधिक बाहरी तापमान से बचना।
3 फ़ोन को उस स्थान पर चार्ज करना जहाँ से आप दूर हो।
4 बैटरी अच्छी हो हमेंशा चेक करें फूलने पे तत्काल बदल देवें।
5 अपने फ़ोन को हमेशा 30-80 प्रतिशत बैटरी जीवन (बैटरी लाइफ) के बीच चार्ज करना।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23